


दैनिक

# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार




संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 79 | रायपुर, शुक्रवार, 28 मार्च 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ` 2.00

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444


3 निगम जोन 7 ने भारत ...

बड़े पर्दे पर दिखेगी सीएम... 6

## राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों ने राज्यपाल को दिखाई तख्तियां

सूरजपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में पंडो जनजाति के लोगों ने गुरुवार को एक बड़ा प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र के रूप में जाने जाने वाले पंडो समाज के सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए।

प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन द्वारा भारत पेट्रोलियम को लीज पर दी गई जमीन का विरोध किया। राज्यपाल जब सूरजपुर से अंबिकापुर की यात्रा कर रहे थे, तब पंडो समाज के लोगों ने नेशनल हाईवे-43 पर पंडो नगर मोड़ के पास प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर जिला प्रशासन के फैसले के खिलाफअपनी नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शन पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। प्रशासन ने पूरी स्थिति पर नजर बनाए रखी।




### प्रदर्शन पर प्रशासन की प्रतिक्रिया



इस पूरे मामले पर जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि मामले को लेकर उच्च स्तर पर चर्चा की जा रही है और जल्द ही कोई समाधान निकाला जाएगा।

### क्या है पूरा मामला




पंडो जनजाति के लोगों का कहना है कि जिस जमीन को भारत पेट्रोलियम को लीज पर दिया गया है, वह पारंपरिक रूप से वनवासियों की आजीविका और संस्कृति से जुड़ी रही है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इस भूमि का उपयोग आदिवासियों के हित में होना चाहिए, न कि किसी कंपनी को सौंप दिया जाना चाहिए।

### प्रशासन और सरकार पर सवाल आंदोलन होगा तेज



पंडो समाज के नेताओं ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना स्थानीय लोगों की सहमति के उनकी जमीन को लीज पर देना अन्याय है। आदिवासी समुदाय ने इस फैसले को वन अधिकार कानून और पारंपरिक हक-हकूक का उल्लंघन बताया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि प्रशासन ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो आंदोलन और तेज होगा।

### पंडो समाज ने दी चेतावनी



पंडो समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे बड़े आंदोलन की ओर बढ़ सकते हैं। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि प्रशासन और सरकार इस मामले में क्या रुख अपनाते हैं।

## सीबीआई ने एएसपी अभिषेक माहेश्वरी के घर फिर दी दस्तक

राजनांदगांव (प्रतिदिन राजधानी)



महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई की कार्रवाई जारी है. बुधवार की कार्रवाई के बाद आज एक बार फिर सीबीआई की टीम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक माहेश्वरी के कंचनबाग के सनसिटी स्थित घर पहुंची. सीबीआई की टीम ने बुधवार को कार्रवाई के बाद घर को सील कर दिया था. आज फिर से दो गाड़ियों में अभिषेक माहेश्वरी के घर पहुंची सीबीआई की टीम ने सील को खोलकर दोबारा से अपनी जांच शुरू की।

## कुणाल कामरा का नया पैरोडी सॉन्ग : वित्त मंत्री पर कटाक्ष

एजेंसी, नई दिल्ली

कॉमेडियन कुणाल कामरा अपने पैरोडी सॉन्ग्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में उन्होंने एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग बनाया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। अब कामरा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसते हुए एक नया पैरोडी सॉन्ग जारी किया है।

### 'सैलरी चुराने दीदी आई, कहते हैं निर्मला ताई'

26 मार्च को पोस्ट किए गए इस वीडियो में कुणाल गा रहे हैं-

साड़ी वाली दीदी, लोगों की सैलरी लूटने आई हैं, और उनका नाम है निर्मला ताई। कामरा ने देश की अर्थव्यवस्था और सरकार की नीतियों पर व्यंग्य करते हुए गाया-

आपका टैक्स का पैसा हो रहा हवा-हवाई, सड़कों की बर्बादी करने सरकार है आई। मेट्रो इनके मन में, खोदकर ले अंगड़ाई, ट्रैफिक बढ़ाने ये हैं आई, ब्रिजेस गिराने ये हैं आई, कहते हैं इसकोज तानाशाही।

### 5 दिन में 3 पैरोडी सॉन्ग



कुणाल कामरा ने बीते 5 दिनों में तीन पैरोडी सॉन्ग जारी किए हैं

**22 मार्च:** एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग, जिसके बाद विवाद हुआ।

**25 मार्च:** 'हम होंगे कंगाल' पैरोडी सॉन्ग, जिसमें उन्होंने सरकार की आर्थिक नीतियों पर निशाना साधा।

**26 मार्च:** निर्मला सीतारमण पर कटाक्ष करते हुए नया पैरोडी सॉन्ग।


## पति ने की वर्जिनिटी टेस्ट की मांग पत्नी ने लगाया नपुंसकता का आरोप

बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)

बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में पति द्वारा पत्नी के वर्जिनिटी टेस्ट की मांग को असंवैधानिक ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस तरह की मांग न केवल महिलाओं की गरिमा के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 के भी विपरीत है।

रायगढ़ के पारिवारिक न्यायालय में जुलाई 2024 को दर्ज एक मामले में पत्नी ने 20 हजार रुपये प्रतिमाह अंतरिम भरण-पोषण की मांग की थी। दोनों की शादी 30 अप्रैल 2023 को हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी, लेकिन जल्द ही संबंधों में दरार आ गई। पत्नी ने अपने पति पर नपुंसकता का आरोप लगाया, जबकि पति ने पत्नी के अपने बहनोई से अवैध संबंध होने की बात कही और उसके कौमार्य परीक्षण की मांग की।

पति की इस याचिका को पारिवारिक न्यायालय ने खारिज कर दिया, जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील दायर की। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की बेंच ने क्रिमिनल रिवीजन की



सुनवाई के दौरान इस पर गंभीर टिप्पणी की। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि कौमार्य परीक्षण असंवैधानिक है और महिला की गरिमा के अधिकार का उल्लंघन करता है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर पति खुद पर लगे आरोपों को गलत साबित करना चाहता है तो वह खुद का मेडिकल परीक्षण करा सकता है, लेकिन पत्नी पर ऐसा आरोप थोपना अवैध है।

छत्तीसगढ़ में आस्था को मिला नया संबल

## छग में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा फिर हुई शुरु

- पहली विशेष ट्रेन से 780 श्रद्धालु तिरुपति, मदुरै, रामेश्वरम रवाना
- विधवा और परित्यकता महिलाओं को भी अब मिल सकेगा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर रेलवे स्टेशन से पहली विशेष तीर्थ यात्रा ट्रेन को तिरुपति, मदुरै और रामेश्वरम के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहली तीर्थ यात्रा ट्रेन में रायपुर और बलौदाबाजार-भाटापारा जिलों के 780 श्रद्धालु बुजुर्ग सम्मिलित हुए, जिनके लिए यह यात्रा केवल धार्मिक अनुभव नहीं, बल्कि सम्मान और स्नेह का प्रतीक बन गई। प्रदेश के बुजुर्गों की वर्षों पुरानी अभिलाषा आज पूरी हो गई जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का विधिवत शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने तीर्थयात्रा पर जा रहे बुजुर्गों से आत्मीय चर्चा करते हुए कहा कि आप सभी के चेहरे पर जो खुशी है, वही मेरा संतोष है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम में आप लोग पवित्र रामसेतु देख सकेंगे, ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकेंगे। आप लोग मदुरै तीर्थ का भी दर्शन करेंगे जहां मीनाक्षी मंदिर है। तिरुपति में बालाजी का दर्शन करेंगे। दक्षिण भारत के तीर्थ स्थलों को देखने का यह सुंदर अवसर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री रामलला (अयोध्या दर्शन) योजना



अंतर्गत अब तक 22 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रयागराज में 144 वर्षों उपरांत महाकुंभ का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ के तीर्थयात्रियों ने भी बड़ी संख्या में कुंभ में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ के तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए और उनकी सुविधा का ध्यान रखने के लिए हमने प्रयागराज मेला क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पवैलियन तैयार किया था। यहां लगभग साढ़े चार एकड़ में तीर्थयात्रियों के रूकने के इंतजाम थे। यह हमारा सौभाग्य है कि हम गंगा जी में स्नान करने पहुंचे प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं की सेवा कर सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अब श्रद्धालुओं की यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत निरन्तर होती रहेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए हमने 15 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। इस योजना में उज्जैन, पुरी, द्वारिका, वैष्णो देवी, मथुरा, वृंदावन जैसे अनेक तीर्थ स्थलों को जोड़ा गया है, जिनकी निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारे बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा की इच्छा अक्सर आर्थिक कठिनाइयों के चलते अधूरी रह जाती थी। उन्होंने कहा कि हमें संतोष है कि हम उनकी इस इच्छा को साकार कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना में विधवा और परित्यक्त महिलाओं को भी शामिल किया गया है, जिससे उन्हें भी धार्मिक स्थलों के दर्शन का गौरव प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार युवाओं, किसानों, महिलाओं और आदिवासी समुदाय सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए पूरी तरह समर्पित है और इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

## शादी का झांसा देकर डीएसपी ने किया दुष्कर्म

दुर्ग (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पदस्थ एक ष्ठस्क्कपर शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगा है। 21 वर्षीय पीड़िता ने पद्मनाभपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### शादी का झांसा देकर बनाए संबंध

शिकायत के अनुसार, दुर्ग पुलिस में पदस्थ ष्ठस्क्क विनोद मिंज से युवती की पहचान 2024 में हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और ष्ठस्क्क ने शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन जब युवती ने शादी की बात की, तो आरोपी ने इनकार कर दिया।

### पहले से शादीशुदा होने की बात छिपाई

पीड़िता का आरोप है कि ष्ठस्क्क पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं, लेकिन उसने यह सच्चाई छिपाई। जब युवती ने शादी का दबाव डाला तो आरोपी ने न सिर्फ मारपीट की बल्कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

पीड़िता की शिकायत के आधार पर पद्मनाभपुर पुलिस ने 26 मार्च 2025 को आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(3), 69 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।




## इस्पात संयंत्र के कोकोवन डिपार्टमेंट में आग, करोड़ों का नुकसान

दुर्ग (प्रतिदिन राजधानी)

भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के कोकोवन डिपार्टमेंट में आज सुबह 6 बजे आग लगने से प्लांट में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना से बीएसपी प्रबंधन को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### तीन घंटे की मशक्कत के बाद बुझी आग

बीएसपी के दमकल कर्मियों ने 5 दमकल वाहनों की मदद से लगभग 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग को बढ़ने में करीब 2 से 3 घंटे का समय लगा, लेकिन जब तक दमकल विभाग को सूचना दी गई, तब तक



काफी नुकसान हो चुका था।

### कन्वेयर बेल्ट जलकर खाक

बताया जा रहा है कि कोकोवन बैटरी के 9 और 10 नंबर के पीछे स्थित कन्वेयर बेल्ट नंबर 4 में आग लगी थी, जिससे लगभग 70 से 80 मीटर बेल्ट जलकर खाक हो गया। इसके अलावा, बेल्ट को घुमाने में लगे मशीन और केबल भी आग की चपेट में आ गए।

### आग लगने का संभावित कारण

विभागीय सूत्रों के अनुसार, कोकोवन बैटरी में कोयले को जलाने के बाद ठंडा किया जाता है और फिर उसमें नेप्था लिक्विड का छिड़काव किया जाता है। इसके बाद उसे पाउडर में बदलने के लिए कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से दूसरे डिपार्टमेंट में भेजा जाता है। इसी दौरान कोयले की आग से यह दुर्घटना हुई।

SECL में बड़ा घोटाला

## 219 ठेकेदारों ने की पीएफ में गड़बड़ी, 2 के खिलाफ मामला दर्ज

बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश के बाद एसईसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में काम कर रहे 219 ठेकेदारों की जांच की, जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। इनमें से दो ठेकेदारों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है, जबकि बाकी 217 को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। यदि वे संतोषजनक जवाब नहीं देते, तो उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मजदूरों का पंजीकरण ही नहीं कराया

ईपीएफओ की जांच में सामने आया कि इन ठेकेदारों ने भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के नियमों का पालन ही नहीं किया। उन्होंने मजदूरों से काम तो लिया, लेकिन उनका पंजीकरण नहीं कराया और न ही ईपीएफ में नियमित योगदान जमा किया। इतना ही नहीं, वे सरकार को अनिवार्य रिटर्न भी दाखिल नहीं कर रहे थे, जिससे कर्मचारियों के हक का नुकसान हो रहा था।




### फर्जी PF चालान जमा कर लिया भुगतान

जांच में यह भी पता चला कि ठेकेदारों ने एसईसीएल के विभिन्न परियोजना कार्यालयों में फर्जी पीएफ चालान जमा कर बिना किसी सत्यापन के भुगतान हासिल किया। इससे मजदूरों के भविष्य निधि के हक पर सीधा असर पड़ा।

### ठेकेदारों की निगरानी करने में विफल रहा SECL

EPFO ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि कर्मचारी भविष्य निधि कानून की धारा 4ए के तहत एसईसीएल अपने ठेकेदारों की निगरानी करने का उत्तरदायी है, लेकिन वह इस जिम्मेदारी को निभाने में पूरी तरह विफल रहा। बिना पर्याप्त जांच के ठेकेदारों के बिल पास किए गए, जिससे बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुईं। ये ठेकेदार कोरबा, गेवरा, कुसमुंडा, दीपका व मनेंद्रगढ़ की परियोजनाओं में काम कर रहे हैं।

### श्रमिकों की याचिका से खुला मामला

बता दें कि गया प्रसाद पासवान समेत 10 श्रमिकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर शिकायत की थी कि वे एसईसीएल के कोयला परिवहन कार्य में सात वर्षों से लगे हैं, लेकिन उन्हें पीएफ का लाभ नहीं दिया जा रहा। उनकी मांग थी कि एसईसीएल को पीएफ अधिनियम 1952 की धारा 7 ए के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं। इससे पहले भी यह मामला मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में उठा था, जिसके बाद श्रमायुक्त ने सुनवाई की थी।

प्रतिदिन राजधानी
शुक्रवार 28, मार्च 2025

## 30 मार्च को मांस - मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा

**रायपुर**,प्रतिदिन राजधानी। सम्पूर्ण नगर पालिक निगम रायपुर के परिक्षेत्र में चैट्रीचन्द्र पर्व दिनांक 30 मार्च 2025 को मांस - मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से चैट्रीचन्द्र पर्व दिनांक 30 मार्च 2025 को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस - मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। चैट्रीचन्द्र पर्व दिनांक 30 मार्च 2025 को किसी भी दुकान में मांस - मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस - मटन जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। चैट्रीचन्द्र पर्व दिनांक 30 मार्च 2025 को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस- मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे और इस हेतु अपने - अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों के मांस - मटन की दुकानों का सतत निरन्तर पर्यवेक्षण करेंगे।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव का बघेल की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर करारा पलटवार

**रायपुर**,प्रतिदिन राजधानी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई के छापों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चाहे जितना मिथ्या प्रलाप कर लें, प्रदेश की जनता अब उनके झूठे प्रपंचों के झाँसे में नहीं आने वाली है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि अपने मुख्यमंत्रित्व काल में तो बघेल ने सीबीआई को प्रतिबंधित कर रखा था। यदि उनकी नीयत साफ थी तो मुख्यमंत्री रहते हुए ही बघेल यह मामला सीबीआई को सौंप देते। जब सत्ता हाथ से चली गई तब वह इस मामले की सीबीआई से जाँच की मांग करने लगे।श्री श्रीवास्तव ने कटाक्ष किया कि अब सीबीआई जाँच कर रही है तो दबाव बनाने के लिए सारे हथकण्डे अपना रहे हैं। महादेव सट्टा एप मामले में जिस तरह बघेल ने भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार पर ठीकरा फोड़ने की नाकाम कोशिश की है, वह नितांत हास्यास्पद और उनके मानसिक असंतुलन का परिचायक है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश सरकार एक ऐसी सरकार के तौर पर जानी जाती रही है, जो अपने ही राजस्व पर डाका डालने का काम करती रही और सरकारी खजाने की लूट को संरक्षण देती रही। बघेल यह याद रखें कि महादेव सट्टा ऐप ही सिर्फ एक मामला नहीं है। ऐसे अनेक घोटाले हैं, जिनमें बघेल की जवाबदेही बनती है।

### बीते सवा साल में श्रमिकों के खाते में लगभग 5 सौ करोड़ रूपए अंतरित

# श्रम मंत्री देवांगन ने एक लाख 14 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खाते में 53.43 करोड़ रूपए अंतरित किए





रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। इसी सिलसिलें में श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल कार्यालय में एक लाख 14 हजार 902 श्रमिकों के बैंक खाते में 53 करोड़ 43 लाख 74 हजार 915 रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित की।

श्रम मंत्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार में प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। श्रम विभाग के तीनों मंडल-छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल, संगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते सवा साल में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 500 करोड़ रूपए अंतरित किये जा चुके हैं। श्रम मंत्री देवांगन ने दीदी-ई रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत 42 हितग्राहियों को 42 लाख रूपए, निर्माण श्रमिकों के बच्चे हेतु गणवेश एवं पुस्तक कॉपी सहायता योजना के अंतर्गत 41 हजार 170 श्रमिकों को 5 करोड़ 52 लाख 12 हजार रूपए मिनीमाता महातारी जतन योजना के अंतर्गत 5222 श्रमिकों को 10 करोड़ 44 लाख 40 हजार रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के तहत् 9462 श्रमिकों को 1 करोड़ 41 लाख 93 हजार रूपए। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना 378 हितग्राहियों को 3 करोड़ 82 लाख रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत् 706 श्रमिकों के बच्चों को 1 करोड़ 26 लाख 30 हजार 24 रूपए, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत 7029 श्रमिकों को 14 करोड़ 5 लाख 80 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नवनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत् 33506 श्रमिकों के बच्चे को 7 करोड़ 13 लाख 10 हजार 500 रूपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना के अंतर्गत 9224 श्रमिकों को 3 करोड़ 20 लाख 89 हजार 668 रूपए, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत् 1546 हितग्राहियों को 3 करोड़ 9 लाख 20 हजार रूपए, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के अंतर्गत 5495 श्रमिकों को 2 करोड़ 38 लाख 74 हजार 523 रूपए, डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए गए। इस अवसर पर सचिव सह श्रमायुक्त श्रीमती अलरमेल मंगई डी छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल के सचिव गिरिश कुमार रामटेके अपर आयुक्त श्रम द्वय श्री एस. एल. जांगड़े एवं श्रीमति सविता मिश्रा सहित श्रमिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान श्रम मंत्री देवांगन ने मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत कुशालपुर रायपुर निवासी मनीष मरकाम एवं खमतरई निवासी श्रीमती मंग्लीन साहू को एक-एक लाख रूपए की सहायता राशि का चेक, मुख्यमंत्री नोनी सक्तिकरण सहायता योजना के तहत रायपुर निवासी श्रीमती अनीता नाग एवं रायपुर निवासी श्रीमती संगीता ढीमर को 20-20 हजार रूपए का चेक, की चेक प्रदाय किया गया। मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के अंतर्गत चंगोरा भाठा निवासी बिहारी लाल देवांगन एवं भवानी नगर कोटा रायपुर निवासी श्रीमती राही साहू को 20-20 हजार रूपए का चेक, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना तहत कुशालपुर निवासी लक्ष्मी सोनकर को 8 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत शैल सार्वे को 5 हजार का चेक प्रदान किया।

## रायपुर में साइबर क्राइम का बड़ा खुलासा: 101 ठग गिरफ्तार



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

राजधानी पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 101 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के निर्देश पर साइबर थाना ने 1100 से अधिक म्यूल बैंक अकाउंट की जांच की, जिनका उपयोग डिजिटल फ्रॉड, फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप, क्रिप्टो करेंसी निवेश, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क और बैंक केवाईसी अपडेट जैसे साइबर अपराधों में किया जा रहा था।

**ठगी का बड़ा नेटवर्क उजागर**

गिरफ्तार आरोपी ठगी के लिए बैंक खातों को किराए पर देने या ठगी की रकम पर 10-20त्न कमीशन लेकर अकाउंट उपलब्ध कराने का काम कर रहे थे। इनके खिलाफविभिन्न राज्यों में 930 साइबर क्राइम रिपोर्ट दर्ज हैं। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ आरोपी पहले से हत्या, बलवा, जुआ और ह्ष्ठक्क्र एक्ट जैसे मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने इन अकाउंट्स में 1.06 करोड़ रुपए होल्ड किए हैं, जो साइबर ठगी के शिकार लोगों के हैं। इस ऑपरेशन के तहत 20 से अधिक पुलिस टीमों ने छापेमारी कर गिरफ्तारियां कीं।

साइबर ठगों के बैंक खातों की पहचान कर पुलिस ने 5 प्रमुख केस दर्ज किए हैं, जिनमें शामिल बैंक अकाउंट्स की संख्या:

केश 1 थाना आजाद चौक अपराध क्रमांक 78/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111 क्चहृस् में इंडियन ओवरसीज बैंक के 21 म्यूल बैंक अकाउंट के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया है।

केश 2 थाना गंज अपराध क्रमांक 79/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111 क्चहृस् में कर्नाटका बैंक के 41 म्यूल बैंक अकाउंट के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया है।

केश 3 थाना टिकरापारा अपराध क्रमांक 229/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111 क्चहृस् में रत्नाकर बैंक के 54 म्यूल बैंक अकाउंट के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया है।

केश 4 थाना कोतवाली अपराध क्रमांक 45/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111 क्चहृस् में कोटक महिंद्रा बैंक के 41 म्यूल बैंक अकाउंट के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया है।

केश 5 थाना सिविल लाइन अपराध क्रमांक 129/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111 क्चहृस् में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 128 म्यूल बैंक अकाउंट के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया है।

## अधिक से अधिक श्रमिकों को मिले योजनाओं का लाभ: श्रम मंत्री देवांगन

- बोर्ड की संचालक मंडल की बैठक में 580 करोड़ रूपए का बजट का अनुमोदन
- छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के संचालक मण्डल की बैठक




रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

श्रम मंत्री सह अध्यक्ष लखन लाल देवांगन ने कहा है कि श्रम विभाग की योजनाओं से अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिक कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि श्रमिकों के बच्चे भी समाज के अन्य वर्गों के बच्चों की तरह उन्हें भी आगे बढ़ने का अवसर मिले। इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। श्रम मंत्री देवांगन आज नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के संचालक मण्डल की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में हुए संचालक मंडल की बैठक में निर्माण श्रमिकों के योजनाओ का लाभ वित्तीय वर्ष 2025-26 में सुचारू रूप से प्रदाय के लिए 580 करोड़ 11 लाख रूपए का बजट का अनुमोदन किया गया। देवांगन ने अधिकारियों को ई श्रम पोर्टल में अधिक से अधिक निर्माणी श्रमिक का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माणी श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण हेतु लंबित प्रकरण को शीघ्रता से परीक्षण कर नवीनीकरण किया जाए। बैठक में शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत् प्रदेश के समस्त जिलों मे भोजन केन्द्र प्रारंभ किये जाने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में यह योजना प्रदेश के 13 जिला एवं 41 भोजन केन्द्र संचालित है।

गौरतलब है कि श्रम मंत्री देवांगन द्वारा छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के 1 लाख 14 हजार 902 श्रमिकों को 53 करोड़ 43 लाख 74 हजार 915 रूपए एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य समाजिक सुरक्षा मंडल के 13 हजार 889 श्रमिको के 21 करोड़ 39 हजार 500 रूपए इस प्रकार कुल 1 लाख 28 हजार 791 श्रमिकों को राशि 74 करोड़ 44 लाख 14 हजार 415 रूपए डीबीटी जरिए वितरण किया गया है। बैठक में श्रम विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेलमंगई डी, अपर श्रमायुक्त द्वय श्रीमती सविता मिश्रा और एस.एल.जांगडे, उप श्रमायुक्त एस.एस.पैकरा, भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के प्रतिनिधि डी.के.सिंह, वित्त विभाग के प्रतिनिधि सीताराम तिवारी, जल संसाधन विभाग के प्रतिनिधि एस.एल.देवांगन, नगरीय प्रशासन विभाग के प्रतिनिधि दुलेश्वर सोनभ्रद एवं मण्डल के सचिव गिरीश रामटेके उपस्थिति थे।

## निगम जोन 7 ने भारत माता चैक से कबीर चैक तक कार्यवाही कर 42 ठेले हटाये, 12 जप्त किये



**रायपुर** ,प्रतिदिन राजधानी। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विष्वदीप के आदेषानुसार और जोन 7 जोन कमिष्नर रमाकांत साहू के निर्देषानुसार नगर निगम जोन 7 नगर निवेष विभाग ने आज जोन के तहत भारत माता चैक से कबीर चैक तक अभियान पूर्वक कार्यवाही की एवं 42 ठेले हटाये, 12 ठेले जप्त किये गये।

## रायपुर निगम के नवनियुक्त एमआईसी सदस्य सरिता आकाश दुबे और डॉक्टर अनामिका सिंह ने पदभार सम्हाला

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



नगर पालिक निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल ( एमआईसी ) में नवनियुक्त भारसाधक सदस्य श्रीमती सरिता आकाश दुबे और डॉक्टर अनामिका सिंह ने निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के भूतल पर प्रथम पूज्य देव श्रीगणेश की पूजा - अर्चना कर उनसे शुभाशीष देने बप्पा के दिव्य चरणों में विनम्र प्रार्थना कर नगर निगम सचिवालय द्वारा प्रथम तल पर प्रशासनिक कार्य हेतु आबंटित कक्ष में गणपति पूजन कर आचार्य द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार और सुमधुर शंख ध्वनि सहित फ्टाकों और बैंड बाजों की गूंज के मध्य अपना पदभार सम्हाल लिया. महापौर श्रीमती मीनल चौबे, एमआई सी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल सहित नव निर्वाचित वार्ड पार्षदगणों, पूर्व पार्षदगणों, विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, आमजनों, महिलाओं, नवयुवकों, नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों ने नवनियुक्त एमआईसी सदस्य श्रीमती सरिता आकाश दुबे और डॉक्टर अनामिका सिंह को पदभार सम्हालने पर बुके प्रदत्त कर और फूलमालाओं से लादकर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दीं.

## पोषण माह-2025 के आयोजन एवं अभिसरण कार्ययोजना पर बैठक आज

**रायपुर**,प्रतिदिन राजधानी। पोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से पोषण अभियान का संचालन राज्य के सभी जिलों में किया जा रहा है। इस वर्ष भी 8 से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण माह का आयोजन किया जाना है। राज्य में पोषण माह 2025 के आयोजन एवं अभिसरण कार्ययोजना आदि पर चर्चा के लिए 28 मार्च को अपरान्ह 3 बजे से संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वितीय तल इन्द्रावती भवन के सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई है। संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्री जनमेजय महोबे ने पोषण अभियान से संबंधित नोडल अधिकारी को इस बैठक में उपस्थित होने कहा है।

संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधी व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष माह मार्च-अप्रैल में पोषण माह का आयोजन किया जाता है। विगत कई वर्षों से राज्य में आयोजित पोषण पखवाड़ा, पोषण माह में सहयोगी विभागों एवं डेव्हलपमेंट संस्थाओं का सक्रिय एवं परिणाममूलक सहयोग प्राप्त होता रहा है।

## ग्रामीण विधायक साहू ने पार्षद सहित वार्ड 5 में 26 लाख 11 हजार के नये विकास कार्यो हेतु किया भूमिपूजन



रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 1 के बंजारी माता वार्ड क्रमांक 5 के क्षेत्र में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सामान्य मद निधि से 8 लाख 89 हजार रू. की स्वीकृत लागत से बंजारी माता वार्ड क्रमांक 5 के क्षेत्र में कृष्णा इंग्लिष मिडियम स्कूल से नूरी मस्जिद एवं पार्षद निवास के सामने तक सडक निर्माण कार्य करने बंधवा तालाब के पास सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य 8 लाख 22 हजार रू. की स्वीकृत लागत से और सेधवार पारा न्यू आनंद के आस पास रोड और नाली पुलिया निर्माण कार्य करने 9 लाख की लागत से कुल 26 लाख 11 हजार रू. की लागत से नये विकास कार्य शीघ्र करने श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर वार्ड 5 की पार्षद श्रीमती अंबिका साहू एवं पूर्व पार्षद श्री कृष्णा साहू सहित गणमान्यजनों, महिलाओं, नवयुवकों की बडी संख्या के मध्य भूमिपूजन किया एवं जोन 1 जोन कमिष्नर श्री हितेन्द्र यादव को तत्काल स्वीकृति अनुसार कार्य प्रारंभ करवाकर जोन से सतत मॉनिटरिंग करके जनहित में जनसुविधा हेतु प्राथमिकता से गुणवत्ता पूर्ण विकास कार्य करवाया जाना सतत मॉनिटरिंग करते हुए सुनिष्चित करने के निर्देष दिये।

### निगम सदन में मोबाईल का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा

# निगम सदन की गरिमा बनाए रखने सभापति ने पार्षदों से मांगा सहयोग

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ ने निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के प्रथम तल पर सभापति कार्यालयीन कक्ष में दिनांक 28 मार्च 2025 शुक्रवार को सुबह 11 बजे निगम सामान्य सभा सभागार में आहूत निगम की नवनिर्वाचित परिषद की सामान्य सम्मिलन बजट की बैठक के संदर्भ में चर्चा करने निगम में सत्ता पक्ष भाजपा और विपक्ष कांग्रेस के पार्षदों की बैठक ली । भाजपा पार्षद दल के साथ चर्चा में सभापति कक्ष में महापौर श्रीमती मीनल चैबे सहित सभी एमआईसी सदस्यगण, भाजपा पार्षदगण



उपस्थित रहे। कांग्रेस पार्षदों से चर्चा के दौरान निगम नेता प्रतिपक्ष श्री संदीप साहू, पार्षद श्री आकाष तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि श्री मनीराम साहू, श्री प्रकाष जगत की उपस्थिति रही। सभापति ने पार्षदों को बताया कि निगम सदन की बैठक के दौरान सदन में मोबाईल का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस हेतु उन्होने सभी पार्षदों से उच्च गरिमा के अनुरूप निगम सदन संचालन हेतु सहयोग देने अपील की ।

सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि निगम सदन की बैठक में सभी पार्षदों को अपने विचार रखने समान अवसर दिया जायेगा। जो पार्षदगण तथ्यों और तर्को के आधार पर विचार रखेंगे उन्हें निगम सदन में बोलने का उचित अवसर दिया जायेगा। रायपुर नगर निगम के सदन की कार्यवाही में गरिमा का ध्यान रखकर उच्च गरिमा के अनुरूप निगम सदन के संचालन में सभी पार्षदगण सहभागी बने। वार्डो के रहवासी नागरिको ने जनअपेक्षाओ एवं विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों को नगर निगम में भेजा है जनअपेक्षाओ की पूर्ति करने अपने विचार खुलकर व्यक्त करें एवं नगर विकास का मार्ग प्रषस्त करने का कार्य करें। सभापति ने बताया कि निगम सदन में जनप्रतिनिधि पार्षदों की बैठक व्यवस्था उनकी सुविधा के अनुरूप दी जा रही है और मिडिया गैलेरी में प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मिडिया के प्रतिनिधियों को उनकी सुविधा की दृष्टि से पृथक व्यवस्था की जा रही है। दर्षकों की बैठक व्यवस्था भी उनकी सुविधा के अनुरूप की जा रही है। निगम सदन में इससे अच्छा वातावरण निर्मित हो और अच्छे वातावरण के मध्य निगम सदन में अच्छे विचार एवं नगर विकास के कार्य सुझाव निकलकर आये एवं जनअपेक्षाओं की पूर्ति निगम सदन के माध्यम से हो सके।

## रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ की खनन खदानों की बदहाल स्थिति का मामला उठाया

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट और अन्य खनिज खदानों की बदहाल स्थिति का गंभीर मामला उठाया। उन्होंने अपने प्रश्न के माध्यम से खनन मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित किया और सरकार से इस पर तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की।

श्री अग्रवाल ने सदन में बताया कि छत्तीसगढ़ देश का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है, जहां कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सीसीएल सहित कई सरकारी और निजी कंपनियां बड़े पैमाने पर खनिज खनन कर रही हैं। भारत में जितना कोयला खनन होता है, उसमें सबसे अधिक खनन छत्तीसगढ़ में होता है। एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान भी इसी राज्य में स्थित है।

हालांकि, खनन कार्य समाप्त होने के बाद खदानों का रिक्लेमेशन नहीं किया जा रहा है, जिससे गंभीर पर्यावरणीय और सामाजिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

# जैव अर्थव्यवस्था की बढ़ती महत्ता

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

जैव अर्थव्यवस्था आर्थिक रूप से तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। जैव अर्थव्यवस्था का वर्तमान वैश्विक मूल्य 4 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर होने का अनुमान है और कुछ अनुमानों से संकेत मिलता है कि यह 30 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ सकता है, जो विश्व आर्थिक मूल्य का एक तिहाई है। दुनिया जैव-नवाचार द्वारा संचालित एक नई औद्योगिक क्रांति के कगार पर है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में, भारत की जैव अर्थव्यवस्था नवाचार, समृद्धि और बढ़ते वैश्विक महत्व की एक आकर्षक कहानी है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के अनुसार भारत की जैव अर्थव्यवस्था 2014 में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2024 में 165.7 बिलियन डॉलर हो गई है। उन्होंने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में ब्लूह्रष्ट स्थापना दिवस समारोह के दौरान फ्रभारत जैव अर्थव्यवस्था रिपोर्ट 2025 जारी की। उन्होंने कहा कि यह घातीय वृद्धि भारत की भविष्य की आर्थिक सफ्लता के महत्वपूर्ण चालक के रूप में जैव प्रौद्योगिकी के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

विश्व जैव अर्थव्यवस्था मंच द्वारा किए गए मूल्यांकन में, जैव अर्थव्यवस्था के लिए जैव प्रौद्योगिकी, जैव संसाधन या जैव पारिस्थितिकी दृष्टिकोण का उपयोग किया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और भारत जैव प्रौद्योगिकी पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जबकि यूरोपीय संघ जैव संसाधन और जैव पारिस्थितिकी दृष्टिकोण की ओर अधिक झुका हुआ है। अब ऐसे संकेत हैं कि दृष्टिकोणों को और अधिक गहन बनाने के लिए विस्तारित किया जा रहा है द्य इस प्रकार, यह विषय नया नहीं है। जो नया है वह यह है कि डिजिटलीकरण, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए उपकरण इस क्षेत्र की विकास गतिविधि को तेज कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप तेजी से उत्पाद लॉन्च हो रहे हैं और निवेशकों का विश्वास बढ़ रहा है। चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग के अनुसार, नई योजना 14वीं पंचवर्षीय योजना की आवश्यकताओं को पूरा करती है, जिसने जैव प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के एकीकरण और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ जैव चिकित्सा, जैविक प्रजनन, जैव सामग्री, जैव ऊर्जा और अन्य उद्योगों के विकास को गति देने का संकल्प लिया है ताकि जैव अर्थव्यवस्था को व्यापक और मजबूत बनाया जा सके। योजना के अनुसार, जैव अर्थव्यवस्था- एक ऐसा मॉडल जो चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, वानिकी, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, सामग्री और अन्य क्षेत्रों को गहराई से एकीकृत करते हुए जैविक संसाधनों की सुरक्षा और उपयोग पर ध्यान केंद्रित करता है- 2025 तक उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने में एक प्रमुख प्रेरक शक्ति बन जाएगा। 2025 तक, सकल घरेलू उत्पाद में जैव अर्थव्यवस्था के अतिरिक्त मूल्य का अनुपात लगातार बढ़ेगा और चीन में कम से कम 10 बिलियन युआन (.1.5 बिलियन) के वार्षिक राजस्व के साथ जैव अर्थव्यवस्था फ्र्मों की संख्या में बड़ी वृद्धि दिखने की उम्मीद है। 2035 तक, चीन समग्र शक्ति के मामले में वैश्विक जैव अर्थव्यवस्था में सबसे आगे रहने की उम्मीद करता है।

जैव अर्थव्यवस्था में 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने की क्षमता है। चीन पहले ही अपनी जैव अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है; लेकिन, इस क्षेत्र में हमारी मूलभूत ताकत को देखते हुए, यदि केंद्र सरकार के प्रयासों को राज्य और स्थानीय सरकारों और समाज के प्रयासों के साथ जोड़ दिया जाए, तो हम निःस्संदेह वैश्विक बाजार पर हावी हो जाएंगे। जैव अर्थव्यवस्था भारत के विकास में किस तरह से सहायक होगी?

आर्थिक विकास: जैव अर्थव्यवस्था भारत की अर्थव्यवस्था को कृषि और फ्र्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में नए उद्योग, उद्यम और रोजगार के अवसर पैदा करके और साथ ही देश के आर्थिक आधार में विविधता लाकर विकास करने में सहायता कर सकती है।

खाद्य सुरक्षा: यह कृषि उत्पादकता और मृदा स्वास्थ्य को बढ़ाकर, पौष्टिक, जलवायु-अनुकूल फ्सलें पैदा करके और किसानों को जैव उर्वरक जैसे नवीन जैव प्रौद्योगिकी और जैविक विकल्प प्रदान करके भारत की खाद्य सुरक्षा में सुधार कर सकती है।

स्वास्थ्य सेवा: जैव अर्थव्यवस्था में प्रगति से नई फ्र्मास्यूटिकल्स, टीकाकरण की खोज हो सकती है और स्वास्थ्य सेवा की पहुँच और लागत बेहतर हो सकती है, जिससे स्वास्थ्य परिणामों में सुधार हो सकता है। हीमोफीलिया ए के लिए भारत के पहले जीन थेरेपी क्लिनिकल परीक्षण को मंजूरी दी गई है, जिससे आनुवंशिक रक्त विकारों के उपचार को बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के अवसर: जैव अर्थव्यवस्था में भारत में रोजगार सृजन की क्षमता है, विशेष रूप से बायोफ्र्मास्यूटिकल्स और बायोएनर्जी जैसे उद्योगों में, साथ ही बायो-मैन्युफैक्चरिंग हब के विकास के माध्यम से टियर 2 और 3 शहरों में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

## मानवीय रिश्तों का बदलता गणित

रिश्ते, प्रेम और अपराध के बीच पनपने वाली तिकड़ी आज भारतीय समाज को व्यथित और चिंतित कर रही है। ऐसा तब हो रहा है जब कि कोई भी व्यक्ति रिश्तों में ही जन्म लेता है, उसी में पलता और उसी के सहारे जीवन-यात्रा में आगे भी बढ़ता है। वस्तुत: इन रिश्तों का जैविक आधार है जो माँ के पेट में स्थित गर्भ के साथ अनिवार्य जुड़ाव की व्यवस्था और अवस्था में शुरू होता है। यह एक अटूट, अपरिहार्य और अनिवार्य बंधन में बांधता है। अत: इस रिश्ते को जीवनपर्यंत चलते रहने की प्रासंगिकता बनी रहती है।

सच कहें तो नया जीव अपने जनक (पिता) और जननी (माता) का उत्पाद होने के कारण वास्तविक अर्थ में उन दोनों का ऋणी होता है। कदाचित इसीलिए भारतीय समाज में ऋण की अवधारणा प्राचीन काल से सबके मन में बसी आ रही है। यह पीढ़ियों के बीच पारस्परिकता की सुदृढ़ आधारशिला रचती है। इसे बनाए रखने में संयुक्त परिवार और अन्य सहायक सामाजिक संस्थाओं और मान्यताओं की सहायक भूमिका थी। पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस तरह की व्यवस्था अधिकांश क्षेत्रों में चलती रही है। आधुनिक युग में विस्थापन, पलायन, आव्रजन (माइग्रेशन) ने इस तरह की व्यवस्था को चुनौती दी है। जीवन को सुखी बनाने में आर्थिक तत्वों की बढ़ती आत्यन्तिक भूमिका के चलते जीवन की परिस्थितियाँ तेज़ी से उलट-पलट रही हैं। इन सबके प्रभाव में युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा भ्रमित हो रहा है और रिश्तों की अहमियत को नहीं पहचान पा रहा है। वह इन्हें नज़र अन्दाज़ कर रहा है और उसे स्वच्छंदता के दायरे में नए ढंग से परिभाषित करने में जुटा हुआ है। वह माता-पिता पक्ष के तमाम रिश्तों (यथा-मौसेरे, चचेरे, ममेरे, फुफ़ेरे आदि) के लफ्ड़े में नहीं पड़ना चाहता। इस तरह के सभी रिश्तों को अपने लिए अनावश्यक बंधन मानता है और सिर से उतार फेंकना चाहता है। अपने जीवन और कर्म में बाधा समझ कर वह इनसे किनारा रखता है। वह अक्सर उनकी अवहेलना और उपेक्षा करता है। और तो और अब रिश्तों से अलगाव की श्रेणी में माता-पिता भी शामिल होने लगे हैं। इसकी पुष्टि वृद्ध माता-पिता की देखरेख न करने की बढ़ती घटनाओं में आसानी से देखी जा सकती है।

बचपन में माता-पिता या किसी प्रौढ़ अभिभावक की देखरेख के अभाव में शिशु के जीवन यानी उसके अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। एक शिशु माता-पिता के साथ के रिश्तों के केंद्र में रहता है परंतु उम्र के साथ रिश्तों की दिशा, विस्तार और वरीयता बदलती है। किशोर और युवा होते-होते वह परनिर्भर (डिपेंडेंट) शिशु आत्मनिर्भर (इंडिपेंडेंट) होने लगता है। फ़िर वह समय भी आता है जब शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के दौरान वह रिश्तों की बागडोर अपने हाथों में लेकर उनकी दिशा बदलने लगता है। इस कार्य में भावनात्मक परिवर्तन ख़ास भूमिका अदा करते हैं जो किशोरावस्था विशेष रूप से सक्रिय होते हैं। लड़के और लड़कियाँ एक-दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं। व्यक्ति के विकास के चरणों का एक क्रम प्रत्येक संस्कृति में मिलता है। इसमें रिश्तों की बनावट और बुनावट केंद्रीय महत्व की होती है। व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक जीवन-रस रिश्तों से ही मिलता है।

पिछले कुछ दिनों में ऐसी घटनाओं की ख़बरें मीडिया में तेज़ी से आ रही हैं जिनमें निजी रिश्तों में बढ़ती दरारों के चलते बहुत कुछ अवांछित हो रहा है। ख़ासकर उन रिश्तों में जो युवाओं द्वारा ख़ुद अपने निर्णय से सामाजिक मान्यताओं के अंकुश से परे जाकर अंजाम दिए जाते हैं। एक बात साफ़है कि इन बेहद निजी मामलों के मूल में अक्सर भावनात्मक त्रासदी ही मुख्य है। पारस्परिक अविश्वास के कारण प्रतिशोध, धोखा और असंतोष की भावना तेज़ी से बढ़ती है। इस प्रसंग में यह भी रेखांकित किया जाना चाहिए कि आक्रामकता को आज एक परिपक्व और प्रौढ़ व्यक्तित्व की निशानी माना जा रहा है। एक सीमा के बाद रिश्तों के बीच उपजा भावनात्मक संघर्ष प्रज्वलित होकर हिंसक रूप लेने लगता है। हिंसा भड़कने पर बहुत कुछ जीवनविरोधी घटित होने लगता है।

## मुस्लिम आरक्षण का खेल खेलती कांग्रेस

कर्नाटक में मुसलमानों को सार्वजनिक ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर संसद में भारी हंगामा हुआ। भाजपा सांसदों ने इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस पर संविधान बदलने का आरोप लगाया। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जो संवैधानिक पद पर बैठे हैं, कह रहे हैं कि पार्टी संविधान बदलकर मुस्लिमों को आरक्षण देगी। दरअसल, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा है कि मुस्लिमों का ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण बरकरार रखने के लिए जरूरत पड़ी तो संविधान में भी बदलाव करेंगे।रिजिजू ने इस मुद्दे को बारी-बारी से संसद के दोनों सदनों में उठाया। इसे लेकर भारी हंगामा हुआ। इस मुद्दे का समर्थन करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि 'कांग्रेस बाबा साहब आंबेडकर के संविधान को बदलना चाहती है, क्योंकि इसमें साफलिखा है कि धर्म के आधार पर किसी को भी आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है। परंतु कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ऐसा करने जा रही है।

संविधान बदलने का बयान संवैधानिक पद पर बैठे ऐसे व्यक्ति ने दिया है, जिसे हल्के से नहीं लिया जा सकता है। यही नहीं, कर्नाटक में कांग्रेस के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सरकार ने ओबीसी, एससी और एसटी युवाओं का हक मारकर मुसलमानों को 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया था। जबकि हमारे संविधान में धर्म आधारित आरक्षण की कोई जगह नहीं है। अतएव इस तरह के प्रयास संविधान निर्माताओं की देशहित से जुड़ी इच्छाओं के विरुद्ध हैं। बावजूद कांग्रेस मुस्लिमों को धर्म आधारित आरक्षण देने के तुष्टिकरण से जुड़ा खेल निरंतर खेलती आ रही है।

कांग्रेस की सोच हमेशा से तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति की रही है। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्रप्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण वे अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए। दरअसल, यह कांग्रेस का 'पायलट प्रोजेक्ट' था, जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी। अल्पसंख्यक बनाम मुस्लिमों को पिछड़ों, दलित और आदिवासियों के संविधान में निर्धारित कोटा के अंतर्गत 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने की की मंशा हमेशा रही है लेकिन न्यायालय के हस्तक्षेप के चलते इस मंशा को पलीता लगता रहा है।

# सेहत नामा ...

## गर्मी के मौसम में दही खाएंगे तो पेट, स्किन और हेयर को मिलेगा फायदा



गर्मी के मौसम में दही लोग बड़े चाव से खाते हैं. क्योंकि इसमें विटामिन सी, हेल्दी फैट, प्रोटीन, कार्ब्स, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम और एंटी ऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं. दही के ये सारे गुण शरीर को कई तरीके से लाभ पहुंचाते हैं. यह स्किन, बाल, पेट का बखूबी ख्याल रखते हैं. दही को आप गर्मी के मौसम में कुछ खास चीजें डालकर खाते हैं, तो फिर लाभ दोगुना मिल सकते हैं. दही खाने का तरीका- देसी घी डालकर दही में खाते हैं तो फिर आपको इम्यून मजबूत हो सकता है. इसका कॉन्बिनेशन आपके मेटोबोलिज्म को बूस्ट कर सकता है. इससे आपको गैस की समस्या से राहत मिलेगी. यह पाचन को दुरुस्त बनाए रखने में मदद करेगा. मिश्री डालकर खाते हैं तो फिर आपकी सेहत के लिए यह फायदेमंद साबित हो सकता है. आप इसे लंच नें खाते हैं तो फिर शरीर में ऊर्जा बनी रहती है. तनाव दूर करन में भी यह फूड मदद करता है. वहीं, दही में आप आंवला पाउडर मिलाकर खाते हैं तो फिर यह आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है. यह भी आपके शरीर को हेल्दी रखने में मदद करता है. इसके अलावा दही आपकी स्किन और बाल के लिए भी बहुत हेल्दी होती है. इसमें पाए जाने वाले विटामिन सी गुण बाल को चमकदार रखने में मदद करते हैं. आप दही की लस्सी बनाकर भी पी सकते हैं. यह तरीका भी हेल्दी और टेस्टी होता है. इसके अलावा सादा दही आप अपने चेहरे पर फेस पैक की तरह भी अप्लाई कर सकते हैं. इससे चेहरे की चमक दोगुनी हो सकती है. साथ ही आप इसे बाल में भी हेयर मास्क की तरह लगा सकते हैं. यह भी एक अच्छा तरीका है बाल और स्किन की सेहत का ख्याल रखने का.

## किन लोगों को नहीं पीना चाहिए नारियल का पानी ?



क्या आपको भी यही लगता है कि नारियल का पानी पीना आपकी सेहत के लिए सिर्फ फ्रयदेमंद होता है? अगर हां, तो आपको अपनी इस गलतफ्हमी को जल्द से जल्द दूर कर लेना चाहिए। नारियल का पानी कुछ लोगों की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। अगर आप हर रोज नारियल का पानी पीते हैं, तो आपको इसके साइड इफेक्ट्स के बारे में भी जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए।

**हाई ब्लड शुगर लेवल**

डायबिटीज पेशेंट्स के लिए नारियल का पानी नुकसानदायक साबित हो सकता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नारियल का पानी पीने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। यही वजह है कि अगर आपका ब्लड शुगर लेवल हाई रहता है, तो आपको नारियल का पानी पीने से परहेज करना चाहिए। इसके अलावा अगर आप किडनी से जुड़ी किसी समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको ज्यादा मात्रा में नारियल का पानी पीने से बचना चाहिए।

**बढ़ सकता है सर्दी-जुकाम**

अगर आपको सर्दी या फ़्रि जुकाम की समस्या है, तो नारियल के पानी को अपने डाइट प्लान में शामिल न करें। दरअसल, नारियल के पानी की तासीर ठंडी होती है और यही वजह है कि सर्दी-जुकाम में नारियल का पानी पीने की वजह से आपकी तबीयत खराब हो सकती है। कुछ लोगों को नारियल का पानी पीकर एलर्जी भी हो सकती है। एलर्जी की वजह से खुजली, जलन या फ़्रि सांस लेने में दिक्कत महसूस हो सकती है।

**हाई ब्लड प्रेशर की समस्या**

अगर आपका ब्लड प्रेशर लो है, तो आप नारियल का पानी पी सकते हैं क्योंकि नारियल के पानी में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व ब्लड प्रेशर को बढ़ाने का काम कर सकते हैं। लेकिन अगर आपका ब्लड प्रेशर हाई रहता है, तो नारियल का पानी पीना आपकी सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है।

## पेट से लेकर ब्लड प्रेशर तक की दिक्कत को दूर करता है यह चुटकीभर पाउडर

भारतीय रसोई खजाने का पिटारा होती है. इसमें एक से बढ़कर एक ऐसे मसाले होते हैं जो सेहत के लिए एक नहीं बल्कि कई तरह से फायदेमंद साबित होते हैं. इन मसालों में सेहत को दुरुस्त रखने वाले गुण तो होते ही हैं, साथ ही इनके सेवन से शरीर कई तरह की बीमारियों से बचा रहता है. यहां ऐसे ही एक मसाले का जिक्र किया जा रहा है. यह मसाला है जायफल. खानपान में जायफल को आमतौर पर कम शामिल किया जाता है लेकिन जिन चीजों में इसे डाला जाता है उनका स्वाद और सेहत को मिलने वाले फायदे कई गुणा तक बढ़ जाते हैं. यहां जानिए जायफल किस-किस तरह से सेहत से भरपूर होता है और इससे किन बीमारियों का खतरा कम होता है.

जायफल के सेवन के फायदे- चुटकीभर जायफल का पाउडर सेहत को एक नहीं बल्कि ढेरों फायदे देता है. जायफल में मैग्नीशियम, जिंक, कॉपर, पौटेशियम और फॉस्फोरस जैसे तत्व होते हैं. इसके अलावा, जायफल एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है. आमतौर पर जायफल के पाउडर, एक्सट्रैक्ट और तेल का इस्तेमाल किया जाता है.

## सुडोकू


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | 5 | | | 2 | |
| | | 2 | 7 | | | | | 4 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 4 | | 9 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 4 | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 7 | 3 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 9 | 2 |

**नियम :**1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं। **हल अगले पन्नों पर**

## आज का राशिफल

- मेष- आज आपको अपने कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है।। प्रॉपर्टी में यदि आप कोई इन्वेस्टमेंट करने की सोच रहे हैं, तो आपकी वह डील अटक सकती है।
- वृष- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। भाई-बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप यदि किसी काम को लेकर ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन उधार लेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा। आप किसी बिजनेस के काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जा सकते हैं।
- मिथुन- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कारोबार में आपको अच्छी उन्नति मिलेगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के कामों से आज उनकी एक नई पहचान बनेगी।
- कर्क - आज का दिन मेहनत से कार्य करने के लिए रहेगा। जो लोग विदेशो से व्यापार करते हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको ईर्ष्यालु व झगड़ालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है।
- सिंह -आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति की प्राप्ति के लिए रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेगी। आप अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखें। सेहत के मामले में आपको कुछ उलझनें रहने से आपका मन परेशान रहेगा।
- कन्या- आज का दिन आपके किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में धन लगा सकते हैं। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।
- तुला - आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी। आपके किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आपको किसी नए घर के खरीदारी करना भी बेहतर रहेगा।
- वृश्चिक- अविवाहित जातकों के लिए कोई बेहतर रिश्ता आने से उनके मन में खुशियां रहेगी। आपके दांपत्य जीवन में खुशियां मिलेंगी। आपको किसी यात्रा पर जाते समय वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा।
- धनु - विद्यार्थीयो को पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आप यदि किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो उसमें बड़ों से आशीर्वाद लेकर जाना बेहतर रहेगा।
- मकर- आज मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याग्रता बढ़ेंगी।
- कुंभ - आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारी से कामों को आसानी से पूरा करेंगे। आप बिना वजह किसी काम को लेकर यात्रा पर ना जाएं।
- मीन- आज आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण आपके लिए अनुकूल रहेगा। संतान पक्ष की ओर से भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

## वर्ग पहेली



**बायें से दाये**

1. तोरण , सजावटी पताका
4.गर्मी,तपन
7.बुढापा, वृद्धावस्था
8.इसानियत के पक्षधर
10.राजपरिवार , राजवंश
12.मुकाबला, मुठभेड़
13.शिक्षक , गुरू , अध्यापक
14.दुराचार, बलात्कार
16.वाद, बात, कही गई बातें
18.अनाम, बिनानाम
19.संबंध, नाता , रिश्ता
21.आयु, उम्र
22.नृत्य, नाचने की क्रिया
24.अल्प, थोड़ा
26.पाती, चिट्ठी
27.योद्धा, सैनिक
29.सिर, मस्तक
31.नशे की बुरी आदत
32.बिना वारिस

**ऊपर से नीचे**

1.असर भूमि, अन उपजाउ
2.रेख, आलमारी
3.लक्ष्मी, कमला
4.गर्मी ,तपन
5.पूछताछ करना, जानकारी लेना
6.मक्का के पास का शहर
9.विरूद्ध, बांया
11.काम भावना युक्त , कामी प्रवृत्ति वाला
14.आवरण हटाना, पर्दा हटाना
15.जिव्हा, स्वादेन्द्रिय, जीभ
16.द्वेष , घृणा
20.रूचिपूर्ण , रोचकता युक्त
23.बेचैन, अकुलाहट
25.समस्या , मामला, विवाद
27.मर्जी, इच्छा
28.निशा, रात्रि , रजनी
30.सूजी का आटा

(हल पेज 5 पर)

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पर जागरूकता कार्यक्रम आज

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी। पीएचडीसीसीआई द्वारा विकसित भारत के तहत राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) आउटरीच मिशन के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME), भारत सरकार के विकास आयुक्त (MSME) कार्यालय के सहयोग से एक दिवसीय आईपी (बौद्धिक संपदा अधिकार) जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। तारीख: 28 मार्च 2025 स्थान: बोर्ड रूम, निदेशक अनुसंधान सेवा, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (IGKV), कृषक नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) समय: प्रात: 10:30 बजे इस कार्यक्रम का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमों को उनके बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) पंजीकरण के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना है। इसके माध्यम से उन्हें अपने नवाचार और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए स्थानीय स्तर पर एक मंच मिलेगा। साथ ही, SCIPP योजना (MSME-SCIP) - MSME नवाचार योजना के तहत बौद्धिक संपदा के व्यावसायीकरण हेतु एमएसएमई सहायता कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस पहल के तहत: IP फाइलिंग की संख्या में वृद्धि करके भारत के ढ्ढक्कइकोसिस्टम को मजबूत करना। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना। एमएसएमई मंत्रालय द्वारा स्थापित Intellectual Property Facilitation Centres (IPFCs) के माध्यम से कानूनी एवं बौद्धिक संपदा पंजीकरण सहायता प्रदान करना। इस कार्यक्रम में एमएसएमई उद्यमी, संभावित उद्यमी, नवप्रवर्तनकर्ता (Innovators), स्टार्ट-अप्स, प्रवर्तन एजेंसियां, IP पेशेवर, कानूनी विशेषज्ञ, उद्योग जगत के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति, शिक्षाविद और प्रौद्योगिकी एवं IP कानून में रुचि रखने वाले छात्र शामिल होंगे।


### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का आज सौग़ात-ए-मोदी कार्यक्रम

**रायपुर,**प्रतिदिन राजधानी। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में 28 मार्च को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में सौग़ात-ए-मोदी कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी होंगे। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, विधायक पुरंदर मिश्रा, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य नजमा सिद्धकी, सह प्रभारी आरिफ खान, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित अनेक मोर्चा पदाधिकारियों के आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सौग़ात-ए-मोदी कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के गरीब परिवार के लोगों को सामग्री किट का वितरण किया जाना है। उल्लेखनीय है कि रमजान मुबारक महीने में पूरे देश में सौग़ात-ए-मोदी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। श्री अहमद ने बताया कि इसी कड़ी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश इकाई द्वारा सौग़ात-ए-मोदी कार्यक्रम का आयोजन आगामी 28 मार्च को रखा गया है, जिसमें दोपहर 2 बजे जिला भाजपा कार्यालय (एकात्म परिसर) रायपुर, 4 बजे वक्फ बोर्ड कार्यालय (रायपुर) में सामग्री किट का वितरण किया जाएगा। इसके बाद शाम 6 बजे मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों के साथ इफ्तार कार्यक्रम बैजनाथ पारा में आयोजित किया गया है। श्री अहमद ने अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित अल्पसंख्यक समाज के लोगों से इन कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।




भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अहमद ने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी 28 मार्च को दोपहर 1:30 बजे रायपुर पहुँचेंगे, जहाँ भाजपा एवं मोर्चा के पदाधिकारी भेंटकर उनका स्वागत करेंगे। वहाँ से श्री सिद्दीकी दोपहर 2 बजे भाजपा जिला कार्यालय, एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे और उसके बाद 2:30 से 4:00 बजे तक एकात्म परिसर व वक्फ बोर्ड कार्यालय में 'सौग़ात-ए-मोदीफ्र कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद मुस्लिमों को सामग्री किट वितरण करेंगे।

## आज का हल



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 |

# रायगढ़ मेडिकल कॉलेज बना राज्य का पहला फ्री वाई-फाई सुविधा युक्त शासकीय मेडिकल कॉलेज

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नागरिकों की सुविधाओं को डिजिटल और स्मार्ट सेवाओं से जोड़ने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रायगढ़ स्थित स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में ओपीडी पंजीयन काउंटर के पब्लिक एरिया (वेटिंग हॉल सहित) को फ्री वाई-फाई ज़ोन में तब्दील किया गया है। यह सुविधा राज्य के किसी भी शासकीय मेडिकल कॉलेज में पहली बार प्रारंभ की गई है। इस अभिनव पहल को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी के सतत मार्गदर्शन में, अधिष्ठाता डॉ. विनीत जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. मिंज के निर्देशन में क्रियान्वित किया गया है।



### डिजिटल हेल्थ को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम

फ्री वाई-फाई सुविधा का उद्देश्य ओपीडी में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को आभा एप के माध्यम से डिजिटल पंजीयन में आने वाली समस्याओं को दूर करना है। एम.आर.डी. विभाग के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र में अब मरीज अपने मोबाइल फोन से सीधे आभा एप के माध्यम से पंजीयन टोकन प्राप्त कर सकेंगे, जिससे पर्ची कटवाने की प्रक्रिया अधिक सरल, तेज और पारदर्शी हो गई है।

डॉ. एम. के. मिंज ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन को यह जानकारी मिली थी कि कई मरीजों को मोबाइल नेटवर्क की समस्या के कारण आभा एप से पंजीयन में कठिनाई हो रही थी। विशेषकर, मेडिकल कॉलेज पहाड़ी क्षेत्र में स्थित होने के कारण यह समस्या लगातार बनी हुई है। इन तकनीकी बाधाओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि ओपीडी पंजीयन क्षेत्र में फ्री वाई-फाई सुविधा प्रदान की जाए। इस सुविधा से मरीज और उनके परिजन अब बिना किसी नेटवर्क बाधा के आसानी से आभा एप से पंजीयन कर सकते हैं, जिससे न केवल सुविधा में वृद्धि होगी, बल्कि समय की भी बचत होगी।

उल्लेखनीय है कि नेशनल मेडिकल कमिशन द्वारा 4 जून 2024 को जारी निर्देशानुसार, सभी मेडिकल कॉलेजों को यह सुनिश्चित करना है कि ओपीडी/आईपीडी/आपातकालीन सेवाओं के लिए आने वाले मरीजों का पंजीकरण आभा आईडी के माध्यम से ही किया जाए। इस दिशा-निर्देश के अनुपालन हेतु आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़ द्वारा भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि मेडिकल कॉलेज की मान्यता सुनिश्चित करने के लिए सभी मरीजों का पंजीयन आभा एप के माध्यम से ही किया जाए। इन्हीं दिशानिर्देशों और मरीजों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में फ्री वाई-फाई सुविधा आज से औपचारिक रूप से ओपीडी क्षेत्र में प्रारंभ की गई है। यह पहल रायगढ़ मेडिकल कॉलेज को छत्तीसगढ़ में तकनीकी समावेशन वाले चिकित्सा संस्थानों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करती है और यह निश्चित रूप से डिजिटल हेल्थ मिशन की दिशा में एक सराहनीय और अनुकरणीय कदम है।

# तीन दिन के काम को 24 घंटे में पूरा कर विद्युत आपूर्ति बहाल

## ट्रक की ठोकर से हाईटेंशन 132 केवी बिजली टॉवर हुआ था क्षतिग्रस्त

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने 132 केवी के 100 फीट से अधिक ऊंचाई की दुर्घटनाग्रस्त हाईटेंशन टॉवर लाइन को रिकार्ड समय में खड़ा कर विद्युत आपूर्ति सामान्य करने में सफलता प्राप्त की है। आमतौर पर ऐसे टॉवर को खड़ा करने में तीन दिन का समय लगता है, जिसे ट्रांसमिशन कंपनी की टीम ने तकनीकी दक्षता और कार्यकुशलता का परिचय देते हुए 24 घंटे में पूरा कर लिया। इस उपलब्धि के लिए ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष श्री सुबोध सिंह एवं प्रबंध निदेशक श्री आरके शुक्ला ने टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



रायपुर के पास बरबंदा गांव के पास 25 मार्च को दोपहर 2.17 बजे रिंग रोड नंबर तीन (जोरा-सड्डू-धनेली) से जा रही एक मालवाहक ट्रक अनियंत्रित हो गई। धान से लदा यह ट्रक 132 केवी के हाईटेंशन टॉवर से जा टकराया, जिससे 32 मीटर ऊंचा टॉवर गिर गया और इसमें लगी डबल सर्किट लाइन टूटकर रिंगरोड पर गिर गई। इस घटना में किसी तरह की जान-माल का नुकसान नहीं हुआ परन्तु राजधानी के एक बड़े इलाके में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। साथ ही रिंगरोड में तार गिरने से यातायात भी अवरूद्ध हो गया। ट्रांसमिशन कंपनी ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर ट्रैफिक को डायवर्ट किया और इंजीनियरों और कर्मियों की टीम ने सड़क से ऊलझे हुए तारों को हटाकर फिर सड़क यातायात शुरू करवाया। इधर विधानसभा से लेकर अंबूजा मॉल, दलदल सिवनी, कंचना, आमासिवनी क्षेत्र में कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बंद हो गई।

राजधानी के हॉस्पिटल, स्कूल, वीआईपी इलाके व जनसामान्य के लिए विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की गई, क्योंकि 132 केवी डबल सर्किट लाइन टूट गई थी, जिसे बनाने में काफी समय लगने की आशंका थी, इसलिए ट्रांसमिशन कंपनी ने महासमुंद के परसवानी क्षेत्र से 132 केवी लाइन से विद्युत आपूर्ति आरंभ की।

इधर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने भी लोड मैनेज करने के लिए त्वरित गति से कार्य किया और उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति जारी की।

# प्रदर्शन और पुतला दहन के जरिए दबाव बनाने के सियासी ड्रामे से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दूरी बनाए रखी : अनुराग अग्रवाल

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि मुद्दाविहीन कांग्रेस सीबीआई की जाँच प्रक्रिया में सहयोग करने के बजाय लगातार संवैधानिक जाँच एजेंसियों के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करके प्रदेश को अराजकता के गर्त में धकेलने पर आमादा नजर आ रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस का प्रदर्शन व पुतला दहन पूरे प्रदेश में नहीं हो पाना कांग्रेस की राजनीतिक दुर्दशा का स्पष्ट संकेत है, क्योंकि प्रदर्शन और पुतला दहन के जरिए दबाव बनाने के इस सियासी ड्रामे से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दूरी बनाए रखी।भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि दरअसल, कांग्रेस की भूपेश सरकार के कार्यकाल में बड़े नेताओं और सत्ता के गलियारों में लगातार परिक्रमा व चरण वंदना करने वालों ने ही सारी मलाई चट की थी और कांग्रेस का आम कार्यकर्ता इतना उपेक्षित रहा कि न तो सत्ता में उसकी कोई भागीदारी तय हुई और न ही संगठन के स्तर पर उनकी पीड़ा के प्रति जरा भी संवेदना प्रदर्शित की गई। यह स्थिति पूरे प्रदेश में कांग्रेस के शासनकाल में रही। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के मंचों पर अपनी पीड़ा साझा की तो उल्टे कांग्रेस के आम कार्यकर्ताओं के आत्म-सम्मान को सरेआम स्लीपर सेल और सत्ता-सुख व सुविधाभोगी बताकर लहूलुहान करने का काम किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज जब सीबीआई के छापे पड़े हैं तो वे कार्यकर्ता कांग्रेस नेताओं के बिगड़े बोल का हिसाब चुकता कर पूरे प्रदेश में इस आंदोलन से दूर ही रहे। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अग्रवाल ने कहा कि सीबीआई जाँच को लेकर कांग्रेस दोहरे चरित्र का प्रदर्शन कर रही है। जब प्रदेश में भूपेश सरकार थी, तब सीबीआई को प्रदेश में प्रतिबंधित कर दिया गया था और सत्ता से उखाड़ फेंके जाने के बाद कांग्रेस के नेता घोटालों के अनेक मामलों में सीबीआई जाँच की मांग करने लगे और इनमें पूर्व मुख्यमंत्री बघेल भी शरीक हैं। अभी

# कृषि एवं उद्यानिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियां ने सीखे कैरियर निर्माण एवं सफलता के सूत्र

**रायपुर,प्रतिदिन राजधान**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कैरियर गाइडेंस, प्लेसमेन्ट एवं एल्यूमिनी प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के कैरियर को नये आयाम देने और सफलता के नये रास्ते बताने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.आर. सक्सेना उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने की। इस कार्यशाला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के लगभग 700 से अधिक बच्चों ने सहभागिता की और सफलता के नये सूत्र सीखे। कार्यशाला में कैरियर मार्गदर्शन, कौशल विकास तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा छात्रों को प्रेरक उद्बोधन दिये गये। इस एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान



विद्यार्थियों ने कैरियर परामर्श, संवाद कौशल विकास, क्रोध एवं तनाव प्रबंधन, आंतरिक शक्तियों का विकास, समय प्रबंधन, बायोडाटा निर्माण एवं साक्षात्कार की तैयारी, नये स्टार्टअप की स्थापना, विदेशों में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के अवसर आदि विषयों पर सारगर्भित एवं उपयोगी जानकारियां प्राप्त की। इस कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी के वित्तीय सहयोग से किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथ डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि हर विद्यार्थी का मुख्य लक्ष्य पढ़ाई के बाद नौकरी या रोजगार प्राप्त करना होता है। अच्छा कैरियर बनाने में सिर्फ किताबी पढ़ाई ही कारगर नहीं होती बल्कि इसमें छात्रों का व्यक्तित्व, संवाद कौशल, आत्म विश्वास तथा व्यावसायिक कौशल भी महत्वपूर्ण होता है। डॉ. चंदेल ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य तय कर उन्हीं पाठ्यक्रमों में पढ़ाई करनी चाहिए जिनसे उन लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके। डॉ. चंदेल ने आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला के दौरान विभिन्न विषयां पर विषय विशेषज्ञों द्वारा दिये गये मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को सफल कैरियर बनाने में मदद मिलेगी। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.आर. सक्सेना ने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए संयुक्त रूप से आयोजित कैरियर विकास पर यह कार्यशाला एक अच्छा एवं स्वागतेय प्रयास है।

## प्रदेशभर के 12 हजार मनरेगा कर्मचारी करेंगे हड़ताल: 4 सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी में करेंगे प्रदर्शन

**रायपुर**,प्रतिदिन राजधानी। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास की सफलता के पीछे मनरेगा कर्मचारियों का अहम योगदान रहा है, लेकिन आज वही कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। 19 साल से राज्य की प्रगति में योगदान देने के बावजूद न तो उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित हो पाई है और न ही उन्हें स्थायी नौकरी का दर्जा मिला। अब उम्र के पांचवें दशक में कदम रख चुके हजारों मनरेगा कर्मी अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसी कड़ी में 28 मार्च को प्रदेश भर के 12 हजार कर्मचारी रायपुर में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

न नौकरी स्थायी, न वेतन समय पर ड्ड कब मिलेगा हक?

प्रदेशभर के मनरेगा कर्मचारी लंबे समय से सेवा स्थायीकरण और वेतन संबंधी समस्याओं को लेकर आवाज उठा रहे हैं। पिछले पांच महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। बच्चों की स्कूल फीस, बुजुर्ग माता-पिता की दवाइयां, घर का किराया और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। सरकार द्वारा गठित कमेटी को 15 दिन में रिपोर्ट सौंपनी थी।

# सीबीआई के छापे के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार का जलाया पुतला




**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

सीबीआई द्वारा द्वेषपूर्ण तरीके से पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल,विधायक देवेंद्र यादव सहित विभिन्न काँग्रेस नेताओं के यहां सीबीआई के छापे के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।

कांग्रेस भवन गांधी मैदान के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की,पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुलिस की हल्की झूमा झटकी भी हुई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि को खराब करने के उद्देश्य से काम कर रही है पूर्व में ईडी के छापे से इनको कुछ नहीं मिला था और अब सीबीआई के द्वारा उनके निवास स्थान पर छापा मारा गया है इस छापे से भी उनको कुछ हासिल होने वाला नहीं।

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि केंद्रीय संस्थाएं नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इशारों में द्वेषपूर्ण तरीके से कार्य कर रही है केंद्रीय संस्थाओं के माध्यम से कांग्रेस के नेताओं को डराने का काम कर रही है लेकिन कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता उनकी तानाशाही सरकार के खिलाफ एक जुट होकर लड़ाई लड़ता रहेगा। इस पुतला दहन कार्यक्रम में कन्हैया अग्रवाल उधोराम वर्मा मदन तालेड़ा प्रमोद चौबे सुरेश ठाकुर प्रशांत ठेंगड़ी दिनेश ठाकुर जी श्रीनिवास बंशी कन्नौजे अविनय दुबे माधव छुआ अस्सु खान सुयश शर्मा अनिल रायचूरा बबीता नत्थानी संगीता दुबे कल्पना सागर पूनम यादव पदमा कहार पुष्पराज वैध माधव साहू अशोक ठाकुर संदीप साहू देव कुमार साहू अमित शर्मा संदीप तिवारी उत्तम साहू सीरीश अवस्थी नवीन लाजरस राधे नायक मुन्ना मिश्रा राज देवांगन शाहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भूपेश बघेल ने कहा- जिन्होंने कार्रवाई की उनके यहां ही डाले गए छापे, सटोरियों को प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का संरक्षण




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने CBI के छापे के बाद केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर हमला किया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि छापे वहीं डाले गए, जिन्होंने कार्रवाई की, वो पुलिस अधिकारी जो दुर्ग में, रायपुर में पदस्थ थे उनके यहां छापे पड़े। सच तो यह है कि सट्टे के खिलाफ अभी तक एक भी कार्यवाही सरकार द्वारा नहीं की गई है। बघेल ने कहा कि उनकी सरकार ने ऑनलाइन सट्टे को रोकने तथा महादेव सट्टा चलाने वालों को गिरफ्तार करने के लिए केंद्र सरकार को लिखा मगर आज तक उन्हें पकड़ा नहीं जा सका। बघेल ने आरोप लगाया कि सट्टा चलाने वालों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का पूरा संरक्षण है।

भूपेश बघेल ने राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी सरकार ने सट्टे के खिलाफ कानून कड़ा किया। ऑनलाइन बेटिंग को भी सट्टे के रूप में परिभाषित किया गया। हमारा उद्देश्य जुआ सट्टा को रोकने का था। यदि रोकने का नहीं होता तो, पूरे देश में सट्टे के खिलाफ सबसे ज्यादा स्नढ्ढक्र, सबसे ज्यादा गिरफ्तारी, सबसे ज्यादा जब्ती, सबसे ज्यादा बैंक खाते सीज करने की कार्रवाई यदि कहीं हुई तो कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ में हुई है।

भूपेश बघेल ने कहा कि हमारा उद्देश्य पवित्र था कि आम जनता या नौजवान सट्टा में बर्बाद न हो, परिवार बर्बाद न हों। इसलिए कड़ा कानून लाया गया। इसके 6 महीने बाद श्वष्ठ हस्तक्षेप करती है। उसके बाद कुछ लोगों की गिरफ्तारियां हुई। सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल नेहरू नगर भिलाई के ही निवासी थे और महादेव सट्टा को दुबई से ही संचालित कर रहे थे। चूंकि राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र से बाहर का मामला था इसलिए भारत सरकार को पत्र भी हमने लिखा कि उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए, दोबारा पत्र लिखा कि लुकआउट सर्कुलर जारी किया जाये, लेकिन उनकी गिरफ्तारी आज तक नहीं हो पाई।

प्रेस वार्ता में बघेल ने बताया कि ऑनलाइन बेटिंग को लेकर गूगल को हमने लिखा कि आपके साइट से यह एप खेला जा रहा है, उसे बंद किया जाये, उन्होंने बंद कर दिया, लेकिन व्यापक पैमाने पर दूसरे प्लेटफार्म में ऑनलाइन बेटिंग पर हो रही है। उसको रोकने का क्षेत्राधिकार भारत सरकार के पास है। सरकार को हमने पत्र लिखा, कि ऑनलाइन बेटिंग को रोका जाये, पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाये। राज्य सरकार की ओर से पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई, लेकिन श्वष्ठ इस मामले में राजनीति करना चाहती थी।



# मैं 16 साल की थी, वो कहते थे अपने दायरे में रहो हीरोइन ऐसे नहीं करती लेकिन मैंने सच बोला : अदा शर्मा

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा ने बीते सालों में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। उन्होंने केरल स्टोरी से लेकर बस्तर तक में खुद को मजबूत एक्ट्रेस के तौर पर साबित किया है। अदा अपनी नई फिल्म तुमको मेरी कसम में काफी चर्चा में हैं। इसमें अनुपम खेर से लेकर ईशा देओल जैसी कास्ट हैं। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद से ही अदा की तारीफ हो रही है। उन्होंने इंटरव्यू में खुलकर बात की है और काफी कुछ शेयर किया है। विक्रम भट्ट के साथ 1920 के बाद काम कर रही हूं। उन्होंने मुझे मेरी पहली फिल्म दी। उस वक्त मैंने कुछ काम नहीं किया था। उन्होंने मुझपर भरोसा दिखाया। एक्टिंग पर उंगली नहीं उठाई उन्होंने मेरी। ना मैं किसी की रिलेटेड हूं बॉलीवुड में। मामा, चाचा पापा मम्मी कोई नहीं है इंडस्ट्री में। तो उन्होंने मुझे एक्टिंग देखकर काम दिया। इस बार भी किरदार एकदम अलग है। इस बार भी कुछ ऐसा ही आने वाला है।

### फिल्म का टॉपिक सेंसेटिव है, क्या लगता है समाज में किस तरह से जाएगी और लोग इसे कैसे लेंगे

केरल स्टोरी में भी जो टॉपिक था, लोग कहते थे ऐसा हो ही नहीं रहा है। बस्तर के बारे में भी लोगों को पता ही नहीं था। जो भी फिल्म देखेगा उनको मर्दानगी का अलग मतलब देखने को मिलेगा। लड़कियों को बहुत ज्यादा पसंद आएगी फिल्म। लड़के और लड़की के लिए बराबर ही है फिल्म।

### आज के सिनेमा की बात करें तो बॉक्स ऑफिस नंबर मायने रखते हैं, कमाई को लेकर एक्टर्स को आंकते हैं, आप इसे कैसे देखती हैं

बॉक्स ऑफिस नंबर बहुत मुश्किल है बताना। केरल स्टोरी में छोटी स्टारकास्ट थी लेकिन चली फिल्म। बड़े स्टार्स की फिल्में भी पिट रही हैं। लोग तंग आ गए हैं फिल्मों से। आप अच्छा काम नहीं कर रहे हैं तो लोगों को देखना ही नहीं है। आप अच्छा देंगे तभी फायदा मिलेगा। केरल स्टोरी 350 करोड़ कमाई तब लोग बोले कि कितनी अच्छी फिल्म है। मुझे लोगों से बहुत प्यार मिलता है जो मैं करती हूं।

### फिल्म की स्टारकास्ट बहुत अच्छी है ईशा देओल और अनुपम खेर के साथ काम करने का एक्सपीरियंस कैसा रहा

दोनों बहुत अच्छे स्टार हैं। अनुपम खेर सबकुछ करते हैं। हर तरह के किरदार निभाते हैं। मुझे भी उनके जैसे ही काम करना है। उन्होंने केरल स्टोरी देखकर भी मेरी बहुत तारीफ की थी। मुझे भी ये करना अच्छा लगता है। जब कोई अच्छा काम करे तो उसकी तारीफ करनी चाहिए। ये खुलकर कहना अच्छा लगता है सबको। लोग दिल में बातें रखते हैं अपनी।

### इंडस्ट्री में आगे बढ़ने का कोई शॉर्ट कट है या नहीं

लोग जो अपने आईलाइनर और आइलैश पर मेहनत करते हैं वो काम नहीं करेगा। आपकी आंखों से जो एक्सप्रेशन आते हैं उसपर भी काम करो। आप ये करके सबका नाम खराब करोगे। आप ऐसा गंदा काम करोगे तो सब कहेंगे बॉलीवुड में गंदी फिल्में बन रही हैं। आपकी गलती सभी पर भारी पड़ रही है। आपकी फिल्म बुरी एक्टिंग करके फ्लॉप हो रही है, तो हम सबको बोला जाता है। मौका मिल रहा है तो उसपर काम करिए। नाक नक्शा सब बदलो अपना। मौका मिल रहा तो काम पर भी ध्यान दो। हम आउटसाइडर्स हैं, बहुत मेहनत करते हैं। आपके ऐसा करने से हमें परेशानी होती है।

### कभी किसी ने प्लास्टिक सर्जरी को लेकर कुछ बोला है या कुछ सजेस्ट किया है

बिल्कुल बोला गया है। जब तक आपको काम नहीं मिल रहा है लोग कहेंगे इसके वजह से काम नहीं मिल रहा है और जब मिलेगा काम तो कहेंगे इसी के वजह से मिल रहा है। पहले लोग मुझे बोलते थे कि आप इंटरव्यू में वैसे बोले जैसे सारी हीरोइनें बात करती हैं, कहो कि मेरा एक्सपीरियंस अच्छा था, हीरो अच्छे थे, सब अच्छे थे। अपने दायरे में रहो। हीरोइनें ऐसे नहीं करती हैं। तब मैं 16 साल की थी लेकिन मैंने सोचा कि सच बोलूंगी। तब लोग बोलेंगे कि ये तो सच्ची है, इसलिए इसको काम मिलेगा। पहले लोग बोलते थे इसके फीचर्स अलग हैं। मैंने वक्त से बहुत कुछ सीखा है। खुदको डाउट किया है बहुत लेकिन बहुत कुछ सीखा है। मैं सच्ची बनी रही।






# अब वक्त आ गया है, कृष 4 का निर्देशन किसी और को सौंपूंगा अपने होश में रहते हुए फैसला लेना चाहता हूं : राकेश रोशन

ऋतिक रोशन और राकेश रोशन की फ्रैंचाइजी कृष अपने चौथे पार्ट को लेकर चर्चाओं में है। हाल ही में यह खबर सामने आई थी कि यह फिल्म 700 करोड़ के बजट के कारण टाल दी गई है। अब राकेश रोशन ने खुद फिल्म को लेकर बात की है।


### कृष 4 को लेकर राकेश रोशन ने तोड़ी चुप्पी

साल 2024 में राकेश रोशन ने डायरेक्शन से रिटायरमेंट के बाद अनाउंस किया था कि वह जल्द ही कृष 4 की अनाउंसमेंट करेंगे। जिसके बाद से यह चर्चा थी कि कृष 4 का निर्देशन करण मल्होत्रा करेंगे। अब इन सभी अफवाहों पर राकेश रोशन ने चुप्पी तोड़ी है। राकेश रोशन ने कहा कि अब वो वक्त आ गया है जब काम किसी और को सौंपा जाए क्योंकि अब वह अपने सेंसेज में नहीं रहते हैं।

### राकेश रोशन ने कहा वह अपने सेंसेज में नहीं रहते हैं

राकेश रोशन से बॉलीवुड हंगामा से बातचीत में एक सवाल पूछा गया था कि उन्हें कैसा लगता है कि जिस सीरीज को उन्होंने इतना आगे बढ़ाया। उसे कोई और डायरेक्ट करेगा? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'वह दिन आना ही है जब मुझे अपने काम की कमान किसी और को सौंपनी होगी। इसलिए बेहतर होगा कि मैं यह काम अपने होश में करूं, ताकि मैं इसके प्रोसेस पर नजर रख सकूं और ये भी पता लगा सकूं कि कोई और इसे ठीक तरह से कर रहा है या नहीं। कल, अगर मैं अपने होश में नहीं रहा और मुझे इसे किसी और को सौंपना पड़ा।





### कृष 4 का निर्देशन किसी और के करने पर दुखी नहीं

इस बातचीत में उन्होंने कहा कि वह इस बात से बिल्कुल दुखी नहीं है कि इस फिल्म को कोई और डायरेक्ट करेगा। उन्होंने कहा- इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि अगर मैं कृष 4 का निर्देशन करते हूं, तो यह ब्लॉकबस्टर होगी। यह फ्लॉप भी हो सकती है। राकेश रोशन ने अपनी बातों से जाहिर किया कि इसकी बहुत उम्मीद है कि इस फिल्म को करण मल्होत्रा ही डायरेक्ट करेंगे।

### भारत की पहली सुपरहीरो फ्रैंचाइजी है कृष

बता दें, ऋतिक रोशन स्टारर और राकेश रोशन द्वारा निर्देशित फ्रैंचाइजी कृष भारतीय सिनेमा की मोस्ट अवेटेड फिल्म है। फैंस लंबे समय से इसके चौथे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। इस फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2003 में फिल्म कोई मिल गया से हुई थी। जिसमें प्रीति जिंटा, ऋतिक रोशन और रेखा ने अहम किरदार निभाया था। इसके 3 साल बाद फिल्म का स्पिन ऑफ सीक्वेंस कृष रिलीज किया गया था। जिसमें कृष का परिचय करवाया गया था। इस फिल्म में ऋतिक ने रोहित और कृष्णा (कृष) का डबल रोल किया था। इसके 7 साल बाद 2013 में कृष फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म कृष 3 रिलीज हुई थी। अब पूरे 12 साल बाद कृष 4 की तैयारी की जा रही है।

# बड़े पर्दे पर दिखेगी सीएम योगी आदित्यनाथ की कहानी


## अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी का फर्स्ट लुक जारी


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बायोपिक का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। सम्राट सिनेमैटिक्स ने अजेय: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी का पहला लुक जारी किया। यह मोशन पोस्टर योगी आदित्यनाथ की बदलती जिंदगी की एक झलक पेश करती है, जो उनके आध्यात्मिक और राजनीतिक मार्ग को आकार देने वाले फैसलों को दर्शाता है। इस फिल्म में योगी आदित्यनाथ के शुरुआती साल, नाथपंथी योगी बनने का उनका फैसला और उत्तर प्रदेश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को बदलने वाले नेता के रूप में उनका विकास दिखाया जाएगा। यह फिल्म सम्राट सिनेमैटिक्स के बैनर तले ऋतु मेंगी ने प्रोड्यूस की है, जबकि इसका निर्देशन रवींद्र गौतम ने किया है। यह फिल्म शांतनु गुप्ता की बेस्टसेलिंग किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से प्रेरित है। फिल्म में ड्रामा, इमोशन, एक्शन और बलिदान का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा।

**अनंत जोशी ने निभाया योगी आदित्यनाथ की भूमिका :** फिल्म में अनंत जोशी ने योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है, जबकि परेश रावल, दिनेश लाल यादव निरहुआ, अजय मेंगी, पवन मल्होत्रा, राजेश खट्टर और गरिमा सिंह भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

**इसी साल रिलीज होगी फिल्म :** यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में इसी साल रिलीज की जाएगी, हालांकि अब तक इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

**इन राजनेताओं की जिंदगी पर भी बन चुकी हैं फिल्में :** यह पहली बार नहीं है कि किसी राजनेता की जिंदगी पर बायोपिक बनाई जा रही है। इससे पहले कई नेताओं की जिंदगी की कहानी को पर्दे पर दर्शाया गया है, जिनमें इंदिरा गांधी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक का नाम शामिल है।




**इमरजेंसी :** हाल ही में फिल्म इमरजेंसी रिलीज हुई थी। इसमें कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी। खास बात यह है कि कंगना ने इस फिल्म के जरिए बतौर निर्देशक भी अपने करियर की शुरुआत की। कंगना के अलावा फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, विशाल नायर, मिलिंद सोमन और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी नजर आए।

**द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर :** 2019 में आई द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में अनुपम खेर ने मनमोहन सिंह का किरदार निभाया था तो वहीं सोनिया गांधी का रोल सुजैन बर्नर्ट ने निभाया। फिल्म में राहुल गांधी की भूमिका में अर्जुन माथुर और प्रियंका गांधी के रोल में अहाना कुमरा थे। यह फिल्म संजय बारू की किताब पर बनी थी।

**पीएम नरेंद्र मोदी :** पीएम मोदी की जिंदगी पर बनी फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। इसमें पीएम मोदी के चाय बेचने से लेकर प्रधानमंत्री बने तक के सफर को दिखाया गया है। विवेक ओबेरॉय ने इसमें नरेंद्र मोदी की भूमिका निभाई। इसका निर्देशन ओमंग कुमार ने किया था।

# कॉमेडी को लेकर जबरदस्त उठा-पटक चल रही है, नौजवानों को कैसे रोका जाए : रोहिताश्व गौड़

शो भाबीजी घर पर हैं के 'तिवारी जी' भले टीवी पर कितनी मसखरी कर लें लेकिन कॉमिडी के गिरते स्तर से वह भी चिंतित हैं। रोहिताश्व गौड़ के अनुसार, कॉमिडी की लक्ष्मण रेखा क्या होनी चाहिए, इसका तय होना जरूरी है। ये नहीं है इसलिए कॉन्टेंट भी कहीं से कहीं चला जा रहा है। यूथ इसे एकदम से पकड़ रहा और रातोंरात वायरल कर रहा है। साथ ही हम जैसों को आउटडेटेड समझा जा रहा। चीजें बिलो द बेल्ट चली गई हैं, जिन्हें संभालना आवश्यक है। बीते दिनों अपने शो के 10 साल पूरे होने पर वह लखनऊ आए थे। इस दौरान रोहिताश्व ने सोशल मीडिया से लेकर टीवी और ओटीटी की कॉमिडी के साथ अपने अच्छे काम और अंडररेटेड रहने के मलाल को हमारे साथ खुलकर साझा किया। वह कहते हैं कि सिर्फ यही नहीं, हुझझ और सोशल मीडिया ने टीवी पर दर्शकों के सामने नया क्या पेश करें, इसका कॉम्पिटिशन भी बढ़ा दिया है। राइटर्स के साथ ऐक्टर भी हर चीज पर नजर रखें हैं, ताकि कुछ नया निकाल सकें।

**कॉमिडी को लेकर जबरदस्त उठा-पटक चल रही :** लखनऊ-कानपुर आने का मकसद यहां की ऑडियंस से मिलना है। भाबीजी घर पर हैं के 10 साल पूरे हो गए हैं। हमने 25,000 एपिसोड पूरे कर लिए। हमारी ज्यादातर ऑडियंस टियर-2 और टियर-3 वाली है। बहुत लोगों के सवाल थे कि ओटीटी के दौर में बहुत सारा कॉन्टेंट आ रहा है। ऐसे में आपका शो किस दिशा में जाएगा या क्या नया देखने को मिलेगा? ये सवाल इसलिए भी उठ रहा क्योंकि कॉम्पिटिशन बहुत है और कॉमिडी को लेकर जबरदस्त उठा-पटक चल रही है। कॉन्टेंट कहीं से कहीं जा रहा है। ऐसे में जब बिलो द बेल्ट चीजें चल रही हैं तो यूथ को किस तरह इसमें जाने से रोका जाए, ये देखना भी जरूरी है। देखा जाए तो ये एक खतरा है। इन सब चीजों को कंट्रोल करने के लिए हमारा मकसद था कि हम टारगेट ऑडियंस से मिलें।

**हमारी इंडस्ट्री दर्शकों को हंसाने के लिए जूझ रही :** हमारी इंडस्ट्री लोगों को हंसाने के लिए जूझ रही है क्योंकि हर कदम पर कुछ नया पेश करना होता है। हर जगह इतनी तेजी से कॉन्टेंट प्रोड्यूस हो रहा कि चीजें निकालने के लिए जगह कम पड़ गई है। ऐक्टर्स से ज्यादा राइटर्स इससे जूझ रहे। इसको लेकर अब वे हमेशा व्यस्त रहते हैं। हमेशा कुछ ना कुछ सोच रहे होते हैं। नई-नई चीजें जगह-जगह देख रहे होते हैं। चाहे ओटीटी हो, फॉरेन कॉन्टेट हो, रील्स हों सबकुछ। गांव का जो बिल्कुल देसी ह्यूमर है, उस पर भी वे काम सोशल मीडिया के जरिए कर रहे हैं। रील्स ने



कम समय में कॉन्टेंट जगत को एक बड़ा खतरा दिया है। जरा से समय में वो कमाल कर रहे हैं। हम कलाकारों को भी इसका ध्यान रखना पड़ता है कि कहीं कोई नई चीज दिखे या मिले तो उसे तुरंत राइटर्स को भेज दो या बता दो। कहते भी हैं कि देखो जरा इसके आसपास का कुछ क्रिएट कर सकते हैं।

**सोशल मीडिया एक अलग कहर ढा रहा है :** कॉमिडी आजकल डिबेट का विषय हो गई है कि इसकी लक्ष्मण रेखा क्या होनी चाहिए। सबसे बड़ी बात यह है कि ओटीटी पर कोई लगाम नहीं। अगर हम बिलो द बेल्ट चले गए तो फिर कुछ बचेगा ही नहीं। खास बात है कि उसे यूथ एकदम से पकड़ रहा है। मतलब, वो रातोंरात फैल जा रहा है। हमारे जैसे तो कहीं ठहरेंगे ही नहीं। वो तुरंत आउटडेटेड हो जाएंगे। हो सकता है कि हमारा बच्चा ही छुपकर उसे देख रहा हो और हमें आउटडेटेड समझ रहा हो। हम सच में इसको लेकर थोड़े डिस्टर्ब हैं। हमारी गुजारिश है कि सरकार को भी इस पर थोड़ी लगाम कसनी चाहिए। उधर, सोशल मीडिया एक अलग कहर ढा रहा है, उस पर भी नकेल की जरूरत है। नहीं तो कोई कुछ भी दिखाने लगेगा और भीड़ देखने लगेगी।

**डुअल पर्सनैलिटी रखकर नहीं चल सकते :** विडियो कॉन्टेंट के जमाने में आप डुअल पर्सनैलिटी के साथ नहीं जी सकते हैं। आज हर किसी के पास कैमरा है। दिखावटी के अतिरिक्त आपका भीतरी व्यक्तित्व जैसे ही सामने आएगा तो कोई भी उसे रिकॉर्ड करके वायरल कर देगा। या कहें कि अपने आप ही आपका भीतरी व्यक्तित्व सामने आ जाए तो क्या करेंगे। ऐसे में डुअल पर्सनैलिटी रखकर नहीं चल सकते। आपका बना बनाया एम्पायर ढह जाएगा। आपको एकतरफा होना पड़ेगा। अब पब्लिक और प्राइवेट वाला मामला नहीं रहा। सच कहूं तो लोगों ने बहुत चालूपंथी ओढ़ ली है। ऑडियंस और फॉलोवर्स बढ़ाने के लिए वे किसी भी हद तक जा रहे हैं। देखा होगा कि आजकल जो वल्गर कॉमिडी या स्टैंडअप शो आ रहे हैं, उनमें ज्यादातर यूथ ही रहता है। दरअसल, यूथ इनोसेंट है। वो उसे तुरंत ग्रैप कर लेगा और तुरंत ही उन्हें आनंद आने लगेगा। उन्हें लगता है कि कोई अपनी तरह बात कर रहा है। दोस्त को भेजा और उसने किसी और को भेजा। इसी तरह क्रम बढ़ता गया। सब फैल गया और बिगड़ गया। ये तो डिस्टर्बिंग है।

**कहीं ना कहीं अंडररेटेड ऐक्टर बनकर रह गया :** इसका बहुत मलाल है कि मैं वो वाला स्टार नहीं बन पाया, जो पंकज त्रिपाठी या नवाजुद्दीन सिद्दीकी हैं। मुझे जानते सब हैं लेकिन कहीं ना कहीं अंडररेटेड ऐक्टर बनकर रह गया हूं। इसको स्वीकार करने में मुझे कोई ऐतराज नहीं है। यहां तक कि मैंने राजकुमार हीरानी जैसे निर्देशक के साथ बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने मेरे साथ 'सेना मेडल' बनाई थी। वो कहानी एक सरदार जी की थी, जो इंटरनल पॉलिटिक्स की वजह से सेना के मेडल से वंचित रह जाते हैं। वह बहुत सुंदर थी। वो भी उस वक्त उतनी फेमस नहीं हुई क्योंकि आज जैसा वक्त नहीं था। आपका अच्छा-अच्छा काम आता है पर वो फेमस नहीं हो पाता। मैंने तिग्मांशु धूलिया के साथ डीडी-1 के लिए पांच एपिसोड की एक कहानी की थी, जिसका नाम गायब है। वो मेरा बहुत अच्छा काम था लेकिन तब भी वही बात रह गई कि जंगल में मोर नाचा किसने देखा।

**मैं कॉमिडी के अलावा भी बहुत कुछ कर सकता हूं :** इंडस्ट्री में बड़ी बुरी चीज है कि अगर आपने कुछ कॉमिडी के रोल कर लिए और वो थोड़े हिट हो गए तो आपको उसी पैकेज में बांध दिया जाएगा। अब मैं वेब सीरीज में काम करना चाहूं तो लोग बोलते हैं कि कोई अच्छा कॉमिक रोल मिलेगा तो आपको देंगे। उन्होंने मुझे एक सेट में बांध दिया। इसी वजह से कहता हूं कि मैं एक अभिनेता हूं, जो कॉमिडी भी कर लेता है। मैं और बहुत कुछ कर सकता हूं लेकिन वे मानने को तैयार नहीं। इंडस्ट्री की विडंबना को तोड़ना मुश्किल होता है। अभी मैंने एक रोल किया। विपुल शाह ने एक फिल्म बनाई है, जिसका नाम है हिसाब। उन्होंने भी कहीं ना कहीं मेरे किरदार में कॉमिक को यूज किया है लेकिन कुछेक जगह मुझे बहुत गंभीर भी दर्शाया है। उसमें मेरा शेफाली शाह के हसबैंड का रोल है। उम्मीद है कि उसे देखकर लोग मुझे थोड़ा सीरियसली लेंगे। मैंने बहुत सीरियस काम भी किए हैं। संजय खान साहब ने गोस्वामी तुलसीदास की सीरीज बनाई थी। 26 एपिसोड का प्रसंग था, जिसमें मैं गोस्वामी तुलसीदास बना था।

प्रतिदिन राजधानी
शुक्रवार 28, मार्च 2025

## श्याम लाल कॉलेज की वार्षिक खेल मीट 2024-25 का आयोजन शुक्रवार को

**एजेंसी,नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित श्याम लाल कॉलेज शुक्रवार को कॉलेज ग्राउंड में अपनी 'वार्षिक खेल मीट 2024-25' का आयोजन करेगा। कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. रबी नारायण कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वह मीट का उद्घाटन करेंगे और एथलीटों को पदक भी देंगे जो पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहेंगे। खेल समिति के संयोजक वीएस जग्गी के अनुसार, वार्षिक खेल मीट 2024-25 में छात्रों के साथ-साथ शिक्षक और कॉलेज के गैर-शिक्षण स्टाफ भी भाग लेंगे। इस दौरान लड़कियों के वर्ग में छात्रों के लिए 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर में दौड़ आयोजित की जाएगी। लड़कों के वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर में दौड़ आयोजित की जाएगी। शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ के लिए कार्यक्रमों को 45 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक के दो आयु समूहों में आयोजित किया जाएगा। लेमन रेस और म्यूजिकल चेयर इवेंट भी उनके लिए आयोजित किए जाएंगे।

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर दर्ज की पहली जीत



**एजेंसी,गुवाहाटी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के छठे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को आठ विकेट से हराया। यह मैच बुधवार को असम के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया, जहां केकेआर ने इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में 151/9 का स्कोर खड़ा किया। ध्रुव जुरेल (33), यशस्वी जायसवाल (29) और कप्तान रियान पराग (25) ने उपयोगी पारियां खेलीं, लेकिन केकेआर के गेंदबाजों ने उन्हें बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचने दिया। वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने 17.3 ओवर में केवल दो विकेट खोकर 153 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के हीरो रहे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, जिन्होंने नाबाद 97 रनों की लाजवाब पारी खेली। उन्होंने 61 गेंदों पर आठ चौके और छह छक्के लगाए। उनके अलावा अंगकृष रघुवंशी ने 22 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 18 और मोईन अली ने पांच रन जोड़े। राजस्थान रॉयल्स के लिए यह लगातार दूसरी हार रही। टीम को अपने पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 44 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत के साथ केकेआर ने आईपीएल 2025 में अपना खाता खोल लिया, जबकि राजस्थान रॉयल्स को अब भी अपनी पहली जीत की तलाश है।

### मैं बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है : मोईन अली

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर मोईन अली ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से टीम को पहली जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 2 विकेट लेकर 23 रन दिए और खासकर नितीश राणा को क्लासिक ऑफ-स्पिन गेंद से बोल्ड कर सबका ध्यान खींचा। पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोईन अली ने अपनी गेंदबाजी की रणनीति पर बात करते हुए कहा, मैं हमेशा बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है। इससे मुझे यह समझने में मदद मिलती है कि सामने वाला बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है। केकेआर को अपने प्रमुख स्पिनर और पिछले सीजन के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी सुनील नारायण की गैरमौजूदगी में एक असरदार गेंदबाज की जरूरत थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मोईन अली पर भरोसा जताया और उन्होंने अपने फ्रेंचाइजी डेब्यू मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 विकेट लेकर 23 रन दिए।

वरुण चक्रवर्ती (2/17) की किफायती गेंदबाजी के साथ, मोईन अली ने भी शानदार स्पिन आक्रमण किया और राजस्थान रॉयल्स को गुवाहाटी में 151/9 के स्कोर पर रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोईन ने इस मुकाबले में खुद को 'दूसरे स्पिनर' की भूमिका में सहज बताया और कहा कि यह भूमिका उन्हें हमेशा पसंद रही है। मोईन अली ने कहा, मैं वरुण से पहले गेंदबाजी करने आया, इसलिए मेरी जिम्मेदारी थी कि मैं जितना हो सके कसी हुई गेंदबाजी करूं, ताकि वह दबाव बना सकें और विकेट निकाल सकें।

एफ1 जापानी जीपी 2025

## रेड बुल में लियाम लॉसन की जगह लेंगे युकी त्सुनोदा

**एजेंसी,नई दिल्ली।** जापानी फार्मूला वन ड्राइवर युकी त्सुनोदा अगले हफ्ते होने वाले जापानी ग्रां प्री में रेड बुल टीम के लिए रेस करेंगे। त्सुनोदा न्यूजीलैंड के लियाम लॉसन की जगह लेंगे, जिन्हें उनकी पिछली टीम रेसिंग बुल्स में वापस भेज दिया गया है। यह बदलाव सीधी सीट अदला-बदली (सीट स्वैप) के रूप में किया गया है। लियाम लॉसन को पिछले साल रेड बुल ने अनुभवी त्सुनोदा की जगह टीम में शामिल किया था, जब मैक्सिकन ड्राइवर सर्जियो पेरेज़ को टीम से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, लॉसन अब तक टीम के स्टार ड्राइवर और चार बार के विश्व चैंपियन मैक्स वेरस्टाप्पेन के साथ तालमेल नहीं बिठा सके हैं और इस सीजन के शुरुआती दो रेस में कोई अंक नहीं जुटा पाए। रेड बुल टीम के बॉस क्रिश्चियन हॉर्नर ने गुरुवार को एक बयान में कहा, लियाम को आरबी21 कार में संघर्ष करते देखना मुश्किल रहा और इसी वजह से हमने जल्दी बदलाव करने का फैसला लिया है।

## जिम्बाब्वे टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए करेगा दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड की मेजबानी



**एजेंसी,नई दिल्ली**

जिम्बाब्वे आगामी अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा, जिसमें दो टेस्ट मैचों की सीरीज और एक रोमांचक टी20 त्रिकोणीय सीरीज खेली जाएगी। यह आयोजन 28 जून से 11 अगस्त तक चलेगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जिम्बाब्वे ने आखिरी बार दिसंबर 2017 में टेस्ट क्रिकेट खेला था, जबकि उसने अगस्त 2014 के बाद पहली बार दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करने की तैयारी कर ली है। वहीं, न्यूजीलैंड ने पिछली बार अगस्त 2016 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था।

**टेस्ट और टी20 त्रिकोणीय सीरीज का शेड्यूल**

इस अंतरराष्ट्रीय सत्र की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से होगी, जो 28 जून और 6 जुलाई को बुलावायो में खेली जाएगी। इसके बाद 14 से 24 जुलाई के बीच टी20 त्रिकोणीय सीरीज का आयोजन होगा, जिसमें सभी टीमें एक-दूसरे से दो बार भिड़ेंगी। शीर्ष दो टीमें 26 जुलाई को फाइनल मुकाबला खेलेंगी। यह पूरी टी20 सीरीज हरारे में आयोजित होगी। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज 30 जुलाई और 7 अगस्त को बुलावायो में खेली जाएगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर माकोनी ने इस बड़े घरेलू सत्र को लेकर उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा, यह वर्षों में हमारा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसी दिग्गज टीमों के खिलाफ टेस्ट और टी20 त्रिकोणीय सीरीज खेलना हमारे खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर है। इससे न सिर्फ उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिलेगा, बल्कि जिम्बाब्वे में क्रिकेट के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि इससे पहले जिम्बाब्वे ने जुलाई 2018 में आखिरी बार टी20 त्रिकोणीय सीरीज की मेजबानी की थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ने हिस्सा लिया था। उस टूर्नामेंट का खिताब पाकिस्तान ने जीता था।

## पांच ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मिली ब्लैक बेल्ट

**एजेंसी,प्रयागराज।** मौसम विहार ताइक्वांडो अकादमी कालिंदीपुरम के पांच खिलाड़ियों को कलर बेल्ट परीक्षा में ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र मिला है। अकादमी के प्रशिक्षक अनुराग सिंह ने गुरुवार को बताया कि वाराणसी में दिसम्बर माह में आयोजित परीक्षा का परिणाम 25 मार्च को घोषित हुआ। इसमें अनन्या श्रीवास्तव, आस्थाश्री, अनन्या गुर्टू, मुस्कान मिश्रा एवं अतीक्ष सागर को ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र मिला। इन खिलाड़ियों को कौशाम्बी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन सचिव कामेश शर्मा, कोच अनुराग सिंह, विपिन कुमार व मौसम विहार सोसायटी के सभी पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## आशुतोष शर्मा की रेलवे टीम में हुई थी अनदेखी

**एजेंसी,नई दिल्ली।** आईपीएल के 18वें सीजन में आशुतोष शर्मा की इस पारी के चर्चे अब क्रिकेट जगत में हो रही है। हालांकि, इस बीच रणजी में रेलवे टीम के हेड कोच निखिल डोरू ने जनवरी 2024 में गुजरात के खिलाफ आशुतोष के रणजी ट्रॉफी डेब्यू के बारे में खुलकर बात की। डोरू ने खुलासा किया कि कैसे चयनकर्ता आशुतोष को टीम में चुनने के लिए तैयार नहीं थे।

उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए खुलासा किया कि चयनकर्ताओं ने कहा, 'वह बल्लेबाजी करना नहीं जानता।' रेलवे के हेड कोच ने बल्लेबाज की मानसिक शक्ति और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की क्योंकि उसने सभी को गलत साबित कर दिया। इसके अलावा डोरू ने यह भी खुलासा किया कि आशुतोष को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने के लिए बीसीसीआई से खास अनुमति लेने पड़ी थी।

## भारतीय अल्पाइन स्कीयर आरिफखान ने 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई




**एजेंसी,नई दिल्ली**

भारतीय अल्पाइन स्कीयर आरिफ खान ने मिलानो कॉर्टिना 2026 विंटर ओलंपिक्स के स्लालम इवेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह जम्मू-कश्मीर के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी के लिए दूसरा ओलंपिक टिकट है। इससे पहले वह बीजिंग 2022 में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए उक्त जानकारी दी। 35 वर्षीय आरिफने फेडरेशन इंटरनेशनेल डी स्की (एफआईएस) पॉइंट्स के आधार पर स्वत: क्वालीफाई किया है। अब वह आगामी प्रतियोगिताओं में जायंट स्लालम इवेंट के लिए भी क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे। मिलानो कॉर्टिना 2026 ओलंपिक्स में पुरुषों की स्की स्पर्धाएं इटली के स्टेल्वियो स्की सेंटर, बोर्मियो में आयोजित की जाएंगी।

कौन हैं भारतीय विंटर ओलंपियन आरिफ खान?

आरिफमोहम्मद खान भारत के सबसे सफल शीतकालीन खेलों के एथलीटों में से एक हैं। वह बीजिंग 2022 विंटर ओलंपिक्स में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि थे और भारतीय विंटर स्पोर्ट्स का चेहरा बन चुके हैं। नवंबर 2021 में, आरिफ ने बीजिंग 2022 के स्लालम इवेंट के लिए भारत का पहला कोटा स्थान हासिल किया था। इसके ठीक एक महीने बाद, उन्होंने मोंटेनेग्रो में आयोजित एक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जायंट स्लालम इवेंट में भी ओलंपिक कोटा स्थान जीता था। आरिफ का बचपन स्कीइंग से बेहद करीब से जुड़ा रहा है। उनके पिता यासिन खान गुलमर्ग में स्की उपकरणों की दुकान चलाते हैं, जिसकी वजह से आरिफ को बचपन से ही इस खेल में रुचि रही। महज चार साल की उम्र में उन्होंने स्कीइंग शुरू कर दी थी और आज वह भारत के सबसे सफल विंटर एथलीटों में गिने जाते हैं। अब उनकी नजरें जायंट स्लालम स्पर्धा में ओलंपिक कोटा पाने और मिलानो कॉर्टिना 2026 में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने पर टिकी हैं।

## फीफा क्लब विश्व कप 2025 की पुरस्कार राशि घोषित: विजेता को 125 मिलियन डॉलर!

**एजेंसी,नई दिल्ली**

फीफा ने 2025 क्लब वर्ल्ड कप की इनामी राशि का खुलासा कर दिया है, जिससे यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे अधिक पुरस्कृत क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता बन गया है। मुख्य इनामी राशि: विजेता टीम: 125 मिलियन डॉलर तक जीतने का मौका। कुल इनामी राशि: 1 बिलियन डॉलर की राशि 32 प्रतिभागी क्लबों में वितरित की जाएगी। अतिरिक्त सहायता: वैश्विक क्लब फुटबॉल को समर्थन देने के लिए 250 मिलियन डॉलर अलग रखे गए हैं। भागीदारी इनामी राशि: 525 मिलियन डॉलर निर्धारित।

क्षेत्रीय आधार पर इनामी राशि:



यूईएफए क्लब: 12.81 मिलियन डॉलर से 38.19 मिलियन डॉलर तक की राशि प्राप्त करेंगे, जो उनकी रैंकिंग और राजस्व पर निर्भर करेगा। चेल्सी, मैनचेस्टर सिटी, रियल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख जैसी टीमें शीर्ष इनामी राशि पाने की दावेदार हैं।

कोंमेबोल (दक्षिण अमेरिकी) क्लब: 15.21 मिलियन डॉलर के करीब। कॉनकैकएएफ, सीएएफ और एएफसी क्लब: 9.55 मिलियन डॉलर। ओएफसी (ओशिनिया) क्लब: 3.58 मिलियन डॉलर।

टूर्नामेंट का प्रारूप:

टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता 14 जून से 13 जुलाई, 2025 तक संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित होगी।

इसमें सात मैचों का ग्रुप स्टेज और प्लेऑफ फॉर्मेट होगा। टूर्नामेंट से होने वाली सभी कमाई क्लब फुटबॉल के विकास में ही लगाई जाएगी। फीफा की नई वैश्विक फुटबॉल पहल: फीफा ने सॉलिडैरिटी इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम की भी घोषणा की है, जिससे फुटबॉल का वैश्विक स्तर पर विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## ईशान के बल्ले से निकला 18वें सीजन का पहला शतक

**एजेंसी,नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का पहला शतक ईशान किशन के बल्ले से निकला। रविवार को खेले गए लीग के दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से मात दी थी। इस हाई स्कोरिंग मैच में ईशान किशन ने 47 गेंदों पर नाबाद 106 रन की पारी खेली थी। ईशान ने अपनी इस पारी के दौरान 11 चौके और 6 छक्के लगाए थे। इस बीच आइए जानते हैं कि आईपीएल के हर सीजन में पहली सेंचुरी लगाने वाले बल्लेबाज कौन हैं। इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत 2008 में हुई थी।

## सहवाग ने गिल की कप्तानी पर उठाए सवाल

**एजेंसी,नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 5वें मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से रौंदा था। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने हार के साथ 18वें सीजन की शुरुआत की। ऐसे में पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने गिल की क्लास लगा दी। उन्होंने मोहम्मद सिराज का नाम लेकर गिल को खरी-खोटी सुनाई। पहले दो ओवरों में केवल 14 रन देने के बावजूद सिराज को आक्रमण से हटा दिया गया। सहवाग गिल द्वारा किए गए बदलाव से खुश नहीं थे। सहवाग ने कहा, मुझे लगा कि शुभमन गिल की कप्तानी उम्मीद के मुताबिक नहीं थी, वह तैयार नहीं थे, वह सक्रिय नहीं थे। जब सिराज अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे तो उन्होंने अरशद खान को उतारा, जिन्होंने मुझे लगता है कि पावरप्ले में 21 रन दिए और उस ओवर ने गति बदल दी। अगर सिराज नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, तो उन्हें डेथ ओवरों के लिए रोकने का कोई मतलब नहीं है और आप देख सकते हैं कि उन्हें अंत में चोट भी लगी। इसलिए गेंदबाज का उपयोग करते समय वह सक्रियता गायब थी। सहवाग ने कहा, जब हम गेंदबाजी और बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हमें मौके मिले। पारी के आखिरी हिस्से में हमने बहुत अधिक रन दिए। बीच के तीन ओवरों में हमने लगभग 18 रन बनाए। इसके अलावा हमारे पहले तीन ओवरों में हमने बहुत अधिक रन नहीं बनाए। इससे हमें मैच हारना पड़ा। हार के बावजूद गिल ने अपनी टीम के प्रदर्शन को पॉजिटिव बताया। उन्होंने कहा, आज हमारे लिए कई सकारात्मक बातें रहीं।

## अनाहत सिंह, जोशना चिनप्पा और अभय सिंह ने जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में किया प्रवेश




**एजेंसी,मुंबई**

बॉम्बे जिमखाना में बुधवार को हुए रोमांचक मुकाबलों में अनाहत सिंह, जोशना चिनप्पा और अभय सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यह भारत का पहला पीएसए कॉपर टूर्नामेंट है और इसमें एक अनोखा मोड़ देखने को मिला जब मुकाबले बॉम्बे जिमखाना के लॉन पर बने आउटडोर ग्लास कोर्ट में खेले गए। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले भी इसी कोर्ट पर खेले जाएंगे। भारत की नंबर 1 स्क्वैश खिलाड़ी और जेएसडब्ल्यू की समर्थित अनाहत सिंह को जब वह अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए कोर्ट में उतरीं तो दर्शकों की जोरदार चीयरिंग सुनाई दी। उनका मुकाबला मिस्र की नादिन एल्हम्मामी से था। अनाहत ने बेहतरीन शुरुआत की और पहले गेम में पूरी तरह हावी रहीं। लेकिन एल्हम्मामी ने जोरदार वापसी की और दूसरा गेम टाई-ब्रेक तक ले जाकर जीत लिया। इसके बाद उन्होंने तीसरा गेम भी जीतकर मुकाबले में 2-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, घरेलू दर्शकों के समर्थन से अनाहत ने चौथा गेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन 17 वर्षीय अनाहत ने दबाव में शानदार खेल दिखाया और रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोशना चिनप्पा का मुकाबला शाम के सत्र में शीर्ष वरीयता प्राप्त अकांक्षा सालुंखे से हुआ। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के खेल को अच्छे से समझते हुए जोरदार टक्कर दी। चिनप्पा ने पहले दो गेम बेहद करीबी अंतर से जीते, लेकिन सालुंखे ने शानदार वापसी करते हुए दो गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। 56 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में अंतत: चिनप्पा ने 3-2 (12-10, 13-11, 9-11, 9-11, 11-5) से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। पुरुष वर्ग में भारत के अभय सिंह ने मलेशिया के अमीशेनराज चंद्रन के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया।

# कबड्डी से पैरालिसिस और फिर टेबल टेनिस चैंपियन तक, अनोखी है ऋषित नथवानी की कहानी



**एजेंसी,नई दिल्ली**

असाधारण हौसले और संघर्ष की मिसाल पेश करते हुए 21 वर्षीय ऋषित नथवानी ने एक जीवन बदल देने वाली खेल दुर्घटना को अपनी जीत की कहानी में बदल दिया। हाल ही में खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में पुरुषों की क्लास 5 टेबल टेनिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने न केवल अपनी व्यक्तिगत जीत दर्ज की बल्कि भारत के उभरते पैरा एथलीटों के लिए प्रेरणा बन गए। साल 2017 में एक कबड्डी मैच के दौरान ऋषित नथवानी के साथ एक बड़ा हादसा हुआ। खेलते समय उनकी पीठ में गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी पर गहरा असर पड़ा। आंतरिक रक्तस्राव के कारण उनकी नसें क्षतिग्रस्त हो गईं और रीढ़ की हड्डी खिसक गई, जिससे उनका पूरा शरीर गर्दन से नीचे अचल (पैरालाइज्ड) हो गया।

डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि वह शायद ही कभी अपने पैरों पर खड़े हो पाएंगे, लेकिन ऋषित और उनके परिवार ने हार नहीं मानी। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में दो महीने की कड़ी रिहैबिलिटेशन थेरेपी के बाद उन्होंने धीरे-धीरे अपने ऊपरी शरीर को हिलाने में सफलता पाई। ऋषित का पहला लक्ष्य पूरी तरह से ठीक होकर क्रिकेट में वापसी करना था, लेकिन दो साल की फिजियोथेरेपी के बावजूद उनके पैर ठीक नहीं हो पाए, जिससे उन्हें अपने खेल करियर का नया रास्ता अपनाना पड़ा। एक संयोगवश यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात कोच अशोक पाल से हुई, जो एक छोटे से शॉप में पैरा टेबल टेनिस सिखा रहे थे। उन्होंने ऋषित की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित किया। ऋषित ने याद करते हुए बताया कि उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं टेबल टेनिस खेलूं तो मैं राष्ट्रीय चैंपियन बन सकता हूं। उनकी इस यात्रा की शुरुआत 2021 में हुई, जब उन्होंने अपनी पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। इस टूर्नामेंट के फाइनल में वह दिग्गज खिलाड़ी राज अरविंदन से हार गए थे, लेकिन खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के सेमीफाइनल में उन्होंने उसी खिलाड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

**दिग्गजों को हराकर जीता स्वर्ण पदक**

ऋषित ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में स्वर्ण पदक जीतने के सफर में दो बड़े अनुभवी खिलाड़ियों को मात दी। उन्होंने न केवल राज अरविंदन से बदला लिया, बल्कि ग्रुप स्टेज में जिन अभिषेक कुमार से हार गए थे, उन्हें भी फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में शिकस्त दी। ऋषित ने अपनी जीत के बाद कहा,सब मुझे बधाई दे रहे थे,

## रोहित शर्मा इंग्लैंड दौरे से हो सकते हैं बाहर



**एजेंसी,नई दिल्ली**

टेस्ट में खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का इंग्लैंड दौरे पर जाना संदिग्ध है। एक रिपोर्ट के अनुसार, रोहित शर्मा ने खुद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से हटने का फैसला किया है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि विराट कोहली की स्क्वाड में जगह बन सकती है। इंडिया टूडे की रिपोर्ट के अनुसार, रोहित शर्मा टेस्ट में अपने खराब प्रदर्शन के कारण इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम की आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान ने पहले ही यह फैसला ले लिया है। सूत्रों ने कहा कि विराट कोहली की टीम में जगह बन सकी है। बता दें कि रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान 3 मैच में सिर्फ 31 रन बनाए और उन्होंने सिडनी में अंतिम मैच के लिए खुद को बाहर भी कर लिया था। इस बीच, भारत के कुछ स्टार खिलाड़ियों के इंडिया 'ए' टीम का हिस्सा बनने की संभावना है, जो टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए मई-जून के दौरान दो, चार दिवसीय मैचों में लायंस का सामना करेगी। भारत अपने 45 दिनों के इंग्लैंड दौरे की शुरुआत 20 जून को हेडिंग्ले में पहले टेस्ट मैच के साथ करेगा, जिसमें वह 2007 के बाद से ओल्ड ब्लाइटी में पहली सीरीज जीतने का प्रयास करेगा। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक बयान में कहा, पहला चार दिवसीय मैच 30 मई से कैंटरबरी के सेंट लॉरेंस स्थित स्पिटफायर ग्राउंड पर खेला जाएगा। दूसरा मैच एक सप्ताह बाद 6 जून को नॉर्थम्पटन के काउंटी ग्राउंड पर खेला जाएगा। गौरतलब हो कि सभी प्रमुख भारतीय क्रिकेटर इस समय अपनी-अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी के साथ टूर्नामेंट में विजी हैं। लीग के नॉकआउट मैच 20, 21 और 23 मई को खेले जाएंगे और फाइनल 25 मई को होगा। इससे चयनकर्ताओं को इंग्लैंड दौरे से पहले इंडिया ए टीम की घोषणा करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।

# मुकेश अंबानी देश के सबसे अमीर शख्स, गौतम अडाणी दूसरे नंबर पर और रोशनी नाडर दुनिया की 5वीं सबसे अमीर महिला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लि?मिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने देश के सबसे अमीर शख?स का खिताब बरकरार रखा है। हालांकि, मुकेश अंबानी दुनिया के टॉप 10 की सूची से बाहर हो गए हैं। दूसरे नंबर पर अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी हैं। वे भारत के सबसे बड़े वेल्थ गेनर हैं, उनकी नेटवर्थ में एक लाख करोड़ रुपये यानी 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, एचसीएल की रोशनी नादर भारत के टॉप 10 अमीरों की सूची में तीसरे नंबर पर हैं। हुरुन ग्लोबल रिच 2025 की जारी हालिया सूची में यह जानकारी दी गई है।

इसके मुताबिक दुनिया के सबसे अमीरों की सूची में मुकेश अंबानी अब टॉप 10 से बाहर हो गए हैं। इसकी वजह मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में पिछले एक साल में कुल 1 लाख करोड़ रुपये की गिरावट है। अब मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 8.6 लाख करोड़ रुपये है। गौतम अडानी की संपत्ति में 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो 8.4 लाख करोड़ रुपये है।



एचसीएल की रोशनी नादर तीसरे नंबर पर हैं, जिनकी कुल संपत्ति 3.5 लाख करोड़ रुपये है।

### दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क

हुरुन ग्लोबल रिच 2025 की लिस्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की सूची में टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क पहले स्थान पर अभी भी बने हुए हैं। उनकी संपत्ति 82 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 420 अरब डॉलर है। अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस 266 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर हैं, जबकि मेटा के मार्क जुकरबर्ग 242 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

### दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला रोशनी नादर

हुरुन ग्लोबल रिच की लिस-?ट के मुताबिक एचसीएल की रोशनी नादर कुल 3.5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला बन गईं हैं। दुनिया की टॉप 10 अमीर महिलाओं में जगह बनाने वाली वे पहली भारतीय महिला हैं। उनके पिता शिव नादर ने हाल ही में एचसीएल में 47 फीसदी हिस्सेदारी उन्हें हस्तांतरित कर दी थी।

### भारत के 284 अरबपतियों की कुल संपत्ति देश के जीडीपी का एक-तिहाई हिस्सा

इसके अलावा हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार भारत के 284 अरबपतियों की कुल संपत्ति देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का एक–तिहाई हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक अडाणी समूह का नेतृत्व करने वाले गौतम अदाणी की संपत्ति में वैश्विक स्तर पर सबसे ज?यादा इजाफा हुआ। उनकी संपत्ति एक लाख करोड़ रुपये बढ़कर 8.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

# सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज मजबूती नजर आ रही है। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में उछला आया है। सोना आज 120 रुपये से लेकर 130 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 89,410 रुपये से लेकर 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 81,960 रुपये से लेकर 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,02,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 81,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शेयर बाजार: 1 दिन की गिरावट के बाद लौटी तेजी, बढ़त के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बुधवार की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज दोबारा मजबूती हासिल कर ली। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी लेकिन बाजार खुलते खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.41 प्रतिशत और निफ्टी 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



आज दिनभर के कारोबार के दौरान मेटल, ऑयल एंड गैस और आईटी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, एनर्जी, रियल्टी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल इंडेक्स आज 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। मंझोले और छोटे शेयरों में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिड कैप इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 414.74 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 411.61 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.13 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,131 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,701 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,345 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 85 शेयर बिना किसी उतार–चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,619 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,262 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,357 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 201.11 अंक की कमजोरी के साथ 77,087.39 अंक के स्तर पर खुला।

# इनफिनिक्स ने दुनिया के पहले मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300 अल्टीमेट प्रोसेसर के साथ NOTE 50× 5G+ लॉन्च किया

**एजेंसी, नईदिल्ली**

नए युग के स्मार्टफोन ब्रांड, Infini× ने आज अत्याधुनिक NOTE 50× 5G+ पेश किया। यह स्मार्टफोन आधुनिक डिजिटल लाईफस्टाईल में यूज़र्स के लिए परफॉर्मेंस, डिज़ाईन और अनुभव के नए मानक स्थापित कर देगा। NOTE 50× 5G+ की सेल फ्लिपकार्ट

पर 3 अप्रैल, 2025 से शुरू होगी, जिसमें पहले दिन यह 10,499 रुपये (ऑफर सहित) के विशेष मूल्य में मिलेगा। यह स्मार्टफोन तीन आकर्षक रंगों– सी ब्रीज़ ग्रीन (वेगन लैदर), टाईटेनियम ग्रे और इंचैंटेड पर्पल (मैटेलिक फिनिश) में उपलब्ध होगा। यह स्मार्टफोन टेकप्रेमियों से लेकर




दैनिक यूज़र्स तक सभी के उपयोग के लिए बनाई गई है। ढ्ढठ्ठद्घद्बठ्ठद्ब× इंडिया के सीईओ, अनीश कपूर ने कहा, ''ढ्ढठ्ठद्घद्बठ्ठद्ब× में हम आधुनिक पीढ़ी के लिए निरंतर इनोवेशन करने और अपने दायरों को बढ़ाकर ऐसे उत्पाद बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो आधुनिक, भविष्य के लिए तैयार एवं उपयोगी हों। हम सदैव परफॉर्मेंस पर केंद्रित रहते हैं।

2025 में हमने डिवाईस की परफॉर्मेंस को और ज्यादा बढ़ा दिया है, तथा इसमें दैनिक उपयोगिता के साथ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को शामिल किया है। हमने यूज़र्स को ध्यान में रखकर बोल्ड सीएमएफ दृष्टिकोण को अपनाया और प्रीमियम टैक्सचर, इनोवेटिव मटेरियल एवं आधुनिक कलर्स के साथ एक स्टाईलिश स्मार्टफोन बनाया, जो उनकी व्यक्तिगत पहचान को प्रतिबिंबित करे।

# अमेजन फ्रेश भारत के छोटे शहरों में पहुंचा रहा है गुणवत्तापूर्ण किराने का सामान

**एजेंसी, बेंगलुरू**

अमेजन इंडिया ने अपनी फुल–बास्केट ग्रॉसरी सर्विस अमेजन फ्रेश के देश के 170 से ज़्यादा शहरों एवं कस्बों में पहुंचने की घोषणा की है। 2023 की दूसरी तिमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी तिमाही में अमेजन फ्रेश ने साल–दर–साल आधार पर शानदार 50ब की वृद्धि हासिल की है। इस तेज विस्तार के साथ अमेजन फ्रेश Amazon.in पर सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली श्रेणियों में शामिल हो गया है। अमेजन फ्रेश इंडिया के डायरेक्टर श्रीकांत श्री राम ने कहा, 170 से ज़्यादा शहरों/कस्बों में हमारे विस्तार से अमेजन फ्रेश को भारत के टियर–2, टियर–3 शहरों/कस्बों और उससे आगे भी अपनी पहुंच बढ़ाने का मौक़ा मिला है। अमेजन फ्रेश के इस विस्तार से किफायती कीमत पर बेहतरीन गुणवत्ता वाला किराने का



सामान ग्राहकों को आसानी से उनके घर पर प्राप्त हो रहा है। 2023 की दूसरी छमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में हमने 50ब की वृद्धि हासिल की है। इसके साथ ही शानदार बचत, यहां उपलब्ध विशाल संग्रह और विश्वसनीय स्लॉट डिलीवरी को लेकर ग्राहकों ने अमेजन फ्रेश की सेवाओं की सराहना की है। हमारा लक्ष्य है कि हम भारत में किराने की ऑनलाइन खरीदारी के क्षेत्र में क्रांति लेकर आएं, साथ ही हमारे ग्राहकों के लिए उनकी हर खरीदारी एक सहज और पुरस्कृत अनुभव बनाएं।

# केंद्र ने 15वें वित्त आयोग अनुदान के तहत कर्नाटक और त्रिपुरा के लिए 436 करोड़ से ज्यादा किए जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024–25 के लिए त्रिपुरा और कर्नाटक में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान की दूसरी किस-?त 436 करोड़ रुपये से ज?यादा की धनराशि जारी कर दी है। इससे स्थानीय शासन को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण परिवर्तन को बढ़ावा मिलेगा।

पंचायती राज मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए त्रिपुरा और कर्नाटक में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान की दूसरी किस्त को जारी कर दी है। केंद्र सरकार ने त्रिपुरा में 589 पात्र ग्राम पंचायतों के साथ–साथ सभी ब्लॉक पंचायतों, जिला पंचायतों और पारंपरिक स्थानीय निकायों को लाभ पहुंचाने के लिए अनटाइड ग्रांट (दूसरी किस्त) के 31.1259 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। वहीं, कर्नाटक के 5375 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए अनटाइड ग्रांट (दूसरी किस्त) में 404.9678 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिससे राज्यभर में ग्रामीण स्थानीय निकायों को सहायता मिलेगी।

# फेनेस्टा के पदचिन्हों का विस्तार, रायपुर में खुला एक नया शोरूम

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

फेनेस्टा, भारत के सबसे बड़े एवं सबसे भरोसेमंद विंडो और डोर ब्रांड, ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक नए शोरूम का उद्घाटन कर अपने पदचिन्हों का विस्तार किया है। यह शोरूम, मेसर्स बाथ क्रिएशंस, कैपिटल स्क्वायर कॉम्प्लेक्स, धमतरी रोड, लालपुर, रायपुर में स्थित है, जिसका उद्देश्य अपने ग्राहकों, आर्किटेक्ट्स और बिल्डरों को एल्युमीनियम विंडो और डोर, uPVC विंडो और डोर, और सॉलिड पैनल डोर की रेंज उपलब्ध कराना है।

यह कदम ऐसे मौके पर उठाया गया है जब शहरीकरण और अवसंरचना विकास तेज होने के कारण टियर 2 और टियर 3 शहरों में फेनेस्टा के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की मांग बढ़ रही है। नया शोरूम ग्राहकों को कई प्रकार के सस्टेनेबल, ऊर्जा–कुशल और एस्थेटिक उत्पादों का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करता है।

लॉन्च के अवसर पर फेनेस्टा के बिजनेस हेड श्री साकेत जैन ने कहा, हाई–परफॉरमेंस वाले डोर और विंडो को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ने के साथ–साथ इसका भारतीय बाजार विकसित हो रहा है। आज ग्राहक ऐसे उत्पाद चाहते हैं जिनसे न केवल भवनों की सुंदरता बढ़े, बल्कि एनर्जी–एफिसियेंट होने के साथ इन्सुलेशन, पूरा कम्फर्ट भी मिले। रायपुर में इस शोरूम के उद्घाटन के साथ, हम आशा करते हैं कि फेनेस्टा की डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी ज्यादा से ज्यादा होमओनरों और व्यवसायों तक पहुंचेगी। हम अपने ग्राहकों को न केवल उत्पाद



उपलब्ध कराने बल्कि एक्सपर्ट कंसल्टेशन से लेकर इंस्टॉलेशन और आफ्टर सेल्स सर्विस तक संपूर्ण समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फेनेस्टा ने अपने मौजूदा और संभावित, दोनों ग्राहकों के लिए एक इंटरैक्टिव और इन्फॉर्म्ड खरीद अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए रायपुर में नए शोरूम का शुभारम्भ कर अपने पदचिह्न का विस्तार किया है। फेनेस्टा विविध रेंज के एल्युमीनियम विंडो और डोर, uPVC विंडो और डोर और सॉलिड पैनल डोर पर हैंड्स–ऑन अनुभव प्रदान करके नवाचार एवं सुलभता के बीच की खाई को पाटने का लक्ष्य रखता है। फेनेस्टा भारत की एकमात्र कंपनी है जो पूरी सप्लाई चेन को नियंत्रित करती है, जिसमें प्रोफाइल बनाने में उपयोग होने वाली uPVC के निर्माण से लेकर एंड–प्रोडक्ट की इंस्टालेशन और आफ्टर सेल्स सर्विस शामिल है। भारत के विविध और प्रखर जलवायु में बेहतरीन प्रदर्शन सुनिश्चित करने हेतु फेनेस्टा के उत्पादों को हर कदम पर कड़े परीक्षणों और गुणवत्ता जांच से गुजरना पड़ता है। इन विंडो और डोर को अलग–अलग मौसमों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और नॉइज़, नमी और धूल के खिलाफ अपनी प्रतिरोधी गुणों के कारण बिल्डरों, आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिज़ाइनरों द्वारा इसका अत्यधिक उपयोग किया जाता है।

भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 350 से अधिक शोरूम के बढ़ते नेटवर्क के साथ, फेनेस्टा उत्पाद नवाचार और सेवा उत्कृष्टता में उद्योग के मानकों पर खरा उतरता है। रायपुर शोरूम के लॉन्च के साथ फेनेस्टा अब 900 से अधिक स्थानों पर अपनी सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है और इस शोरूम का जुड़ना इसकी रणनितित्क राष्ट्रीय विस्तार योजना का एक हिस्सा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि उभरते बाजारों में ग्राहकों को अपनी बदलती जरूरतों के अनुरूप फेनेस्टा की ओर से विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध हों।

# छत्तीसगढ़ सरकार और आईईएसए ने ईएसडीएम ईकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**एजेंसी, बेंगलुरु**

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने राज्य के इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) ईकोसिस्टम के विकास में तेजी लाने के लिए इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) के साथ एक करार (एमओयू) पर दस्तखत किए हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु सिंह देव की उपस्थिति में बेंगलुरु में हुए एक ऐक्सक्लूसिव छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट रोडशो में इस समझौते को औपचारिक रूप दिया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, आईएएस और आईईएसए के अध्यक्ष श्री अशोक चांडक ने मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। छत्तीसगढ़ में अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने और उभरती प्रौद्योगिकियों के मामले में उसे एक प्रमुख प्रदेश के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस भागीदारी के तहत छत्तीसगढ़ को निवेश आकर्षित करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और व्यापार करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में आईईएसए मदद करेगी। यह एसोसिएशन अपने सिद्ध मॉडलों का लाभ उठाते हुए नया रायपुर या अन्य निर्दिष्ट स्थानों पर इनक्यूबेशन सेंटर और प्रतिभा विकास और कौशल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने के लिए वाणिज्य और उद्योग विभाग के साथ मिलकर काम करेगी। इसके अतिरिक्त, आईईएसए अनुदान प्राप्त करने और सस्टेनेबल बिज़नेस फ्रेमवर्क विकसित करने में सहायता करेगी ताकि यह सुनिश्चित



हो सके कि ये इनक्यूबेशन सेंटर 5–7 वर्षों के भीतर आत्मनिर्भर बन जाएं। वैश्विक ईएसडीएम सेक्टर में छत्तीसगढ़ की उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए आईईएसए उद्योग जगत एवं शिक्षा जगत के मध्य सहयोग को बढ़ावा देते हुए कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) स्थापित करने में एक रणनीतिक भूमिका निभाएगी। इस एमओयू में छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ईएसडीएम कार्यक्रमों की मेजबानी करने, वैश्विक दृश्यता में विस्तार और दीर्घकालिक इंडस्ट्री सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाने की योजनाओं की रूपरेखा भी दी गई है।

इन्वेस्टर कनेक्ट आयोजन में समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान–प्रदान किया गया, जिसमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें शामिल थे: श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री, वाणिज्य और उद्योग, छत्तीसगढ़ सरकार; श्री सुबोध सिंह, प्रधान सचिव, छत्तीसगढ़ सीएमओ; श्री प्रभात मलिक, निदेशक, वाणिज्य और उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार; सुश्री रितु सैन (आईएएस), निवेश आयुक्त, छत्तीसगढ़ सरकार; श्री विश्वेश कुमार, एमडी, सीएसआईडीसी, छत्तीसगढ़ सरकार। इनके साथ ही सैकड़ों उद्यमियों और निवेशकों ने भी इस आयोजन में शिरकत की।

छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, आईएएस ने राज्य की औद्योगिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा: ''छत्तीसगढ़ ने इस्पात, सीमेंट, खनिज और बिजली की मांग को पूरा करके भारत के इंफ्रस्ट्रक्चर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चूंकि भारत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है, इसलिए हमारे लिए अपने ईएसडीएम फुटप्रिंट को मजबूत करना बेहद जरूरी है।

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन- 2223699, 2539578, 94252-11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, बेबीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100263

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विजेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252-04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268-77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बाटल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222. 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग**
**रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेगनेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

### सात दिवसीय महाशिवपुराण कथा का भव्य समापन

# जशपुर के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ की ख्याति देश विदेश तक पहुंची: पंडित प्रदीप मिश्रा

**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी**

कुनकुरी मयाली में सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के पास 21 से 27 मार्च तक आयोजित महाशिवपुराण का भव्य समापन किया गया। प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी ने शिव भक्तों को 7 दिन तक कथा का श्रवण कराया और सभी को भव्य आयोजन के लिए अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा की महाशिवपुराण कथा का श्रवण करने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी आए थे। साथ ही पूरे भारत वर्ष के लगभग 272 देशों के लोगों ने विभिन्न सोशल मीडिया, चैनल के माध्यम से कथा को सुना जशपुर में सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ की ख्याति भारत देश के साथ देश विदेश तक पहुंच चुकी है।

और इसका पूरा श्रेय जशपुर वासियों को जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्रीमती कौशल्या साय, राजपरिवार ,कलेक्टर रोहित व्यास एस एस पी शशि मोहन सिंह जिला पंचायत के





मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारीयों पत्रकारों, भोजन , पेयजल की व्यस्था नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारियों को और आयोजन समिति के साथ प्रत्यक्ष

अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों, जशपुर के शिव भक्तों का हृदय से धन्यवाद दिया की आपके सहयोग से शिवमहापुराण कथा सफल हो सका

प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के सातवें दिन सुबह 8 बजे 11 बजे तक कथा का श्रवण कराया उन्होंने कहा कि भोला ... कहां... मिलेगा... भोले ...एक.. एक.. कण.. कण .. मिलेंगे भक्तों के हृदय में भोले मिल जाएंगे बाबा ने मनुष्यों को अपने कर्म से महान बनने का संदेश दिया इसके लिए भूखें को खाना खिलाओं प्यासे को पानी पिलावो पीपल के नीचे चींटियों को आटा खिलाओ, इस भंडारे के समान ही पुन्य मिलता है। आप भंडारे नहीं कर सकते कोई बात नहीं जितनी शक्ति उतनी भक्ती पंडित मिश्रा ने कहा कि अपने छत पर पक्षियों के लिए चारा पानी की व्यवस्था करें मटका में पानी भरकर रखें गौमाता को घास रोटी पानी पिलाएं यह सब कार्य भंडारे से कम नहीं है। जहां जहां अच्छा कार्य वहां भोले जरूर मिलेंगे। शिव भक्तों को भोले बाबा को एक लोटा जल अवश्य चढ़ाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जो तुम्हें जल चढ़ाने को मना करते तुम उन्हें छोड़ दो जशपुर के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ का यह शिव धाम विधी विधान से कलश यात्रा के साथ सात दिन शिव महापुराण कथा से हर हर महादेव से गुंजने लगा है। मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने महाशिवपुराण की कथा के समापन के अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा और उनके साथ आए सभी लोगों का धन्यवाद दिया। जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, नगरीय निकाय के साथ सभी का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# जिला प्रशासन की पेयजल और साफ-सफाई व्यवस्था को शिव भक्तों ने सराहा

**जशपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मयाली कार्यक्रम में पेयजल एवं साफसफाई की व्यवस्था 21 मार्च से 27 मार्च तक शिव पुराण महाकथा का आयोजन किया गया। पंडित प्रदीप मिश्रा जी द्वारा शिव पुराण महाकथा का वाचन किया गया। इन सात दिनों में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इतनी भीड़ के लिए पेयजल, शौचालय एवं साफसफाई की व्यवस्था करना अपने आप में एक बड़ी चुनौती थी। इस चुनौती को कलेक्टर श्री रोहित व्यास एवं जिला सीईओ श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने बड़ी बखूबी से व्यवस्थित किया। मयाली कार्यक्रम में मुख्य कथा स्थल, भोजन स्थल, पार्किंग स्थल एवं विभिन्न स्थानों पर जिला प्रशासन द्वारा पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की गई। साफसफाई के नोडल अधिकारी श्री ओंकार यादव, एसडीएम जशपुर ने विभिन्न स्थानों पर 140 शौचालय स्थापित कराए



एवं प्रतिदिन शौचालय की साफ सफाई की मॉनिटरिंग की। साथ ही साथ साफ सफाई के लिए जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के अधिकारी कर्मचारी को पाली वार मंच, भोजन स्थल, शौचालयों में ड्यूटी लगा कर व्यवस्थित किया। इस साफ सफाई के लिए एक फीडबैक सिस्टम रखा, जिसमें आम जनता ने जिला प्रशासन के सराहनीय प्रयास की तारीफ़ की।

इसके साथ ही लाखों श्रद्धालुओं के लिए 14 स्थानों पर जिला प्रशासन द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई। साथ ही कथा स्थल पर पेयजल व्यवस्था की गई, जिसमें श्रद्धालुओं को पानी उपलब्ध कराया गया। पेयजल व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी श्री प्रदीप राठिया, डिप्टी कलेक्टर, सहायक नोडल अधिकारी श्री समर सिंह, कार्यपालन अभियंता, पी एच ई ने स्नानागार एवं शौचालय के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी टैंकर उपलब्ध कराया। पानी की कमी न होने के लिए पी एच ई विभाग के अधिकारी कर्मचारी ने लगातार पानी टैंकर का भराव किया।

# जशपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से झारखंड के लोगों को भी लाभ

## लोदाम सीएचसी पिछले एक साल में 62 झारखंड राज्य के निवासियों की हुई सामान्य प्रसव

**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के हो रहे विस्तार का लाभ पड़ोसी राज्य झारखंड को भी मिल रहा है। जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 26 किलोमीटर दूर जशपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लोदाम झारखंड बॉर्डर के समीप है। यहां पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोदाम में झारखंड के आसपास के गावों के लोग अपना इलाज कराने आते हैं। इसके साथ ही उनका आयुष्मान कार्ड भी यहां पर बन रहा है। लोदाम सीएचसी की बीपीएम इसमहिमा तिग्गा के अनुसार झारखंड के मांझा टोली,



रायडीह, तुरुमा सहित अन्य ग्राम पंचायतों के लोग यहां की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण इलाज के लिए आते हैं। पिछले 01 साल में यहां 62 झारखंड निवासियों की सामान्य प्रसव सफलतापूर्वक कराई गई है। इसके साथ ही 58 टाइफाइड मरीजों का उपचार किया गया है। इसके अलावा अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी लोग यहां आते हैं। लोदाम सीएचसी में एक्सरे, ब्लड टेस्ट, सामान्य प्रसव, आयुष्मान कार्ड जैसी सेवाओं सहित अन्य बीमारियों के इलाज की भी सुविधा है।

मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसी के तहत इस बार के बजट में कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के प्रावधान किए गए हैं। इसके साथ ही इस बजट में जशपुर में नवीन शासकीय नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज खोलने का निर्णय,जशपुर में प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

# यादव ठेठवार समाज का तीन दिवसीय सामाजिक समरसता कुशलता पूर्वक संपन्न

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

यादव ठेठवार समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सामाजिक समरसता यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी मेलजोल और भाईचारा बढ़ाना, सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की स्थिति का अध्ययन करना और समाज के विकास के लिए कार्य योजना बनाना था।

यात्रा की शुरुआत 22 मार्च को दुर्ग से हुई, जिसे विधायक श्री गजेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा विभिन्न पड़ावों से गुजरी, जिनमें धमधा, खैरागढ़, पांडादाह, लांजी, कनिया, चिल्फी घाटी, भोरमदेव और पंडरभट्टा शामिल हैं। प्रत्येक स्थान पर स्थानीय समाज के लोगों ने यात्रियों का भव्य स्वागत किया और सामाजिक सभाओं का आयोजन किया गया,



जिनमें समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। धमधा: यात्रा धमधा पहुंची, जहां साधू राम यादव, राजू यादव और रमन यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। ठेठवार भवन में आयोजित सभा में भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। परमानंद यादव ने अपने अध्यक्षीय भाषण में यादव समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता बताई।

खैरागढ़: खैरागढ़ में बलराम यादव और श्री राम यादव ने अपने साथियों के साथ यात्रियों का स्वागत किया। सामाजिक चिंतन किया गया और समाज हित में विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। पांडादाह: पांडादाह में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने यात्रियों का स्वागत किया और सामाजिक चर्चा में भाग लिया। संजय यादव,मानिक यादव, देवकांत यदु सहित अन्य लोगों ने सभा को संबोधित किया।

लांजी: लांजी में भरत यादव, संतोष यादव, सरपंच मिथलेश यादव और अन्य लोगों के नेतृत्व में स्वागत किया गया। राम जीवन यदु ने सामाजिक समरसता पर कविता पाठ किया और रामसिंह यादव ने गीत प्रस्तुत किए।

कनिया: कनिया में गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। रामसिंह यादव ने सामाजिक समरसता यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और परमानंद यादव ने समाज में समता का भाव स्थापित करने की बात कही। नरोत्तम यदु ने संगठन की शक्ति पर जोर दिया।

चिल्फी घाटी: चिल्फी घाटी में लालाराम यादव और हरीश यादव सहित अन्य लोगों ने यात्रियों का स्वागत किया। लालाराम ने इस यात्रा को समाज के लिए सौभाग्य की बात बताया और रामसिंह यादव ने इसे तीन नदियों के संगम के समान बताया, जिसमें मध्य प्रदेश, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के यादव समाज के लोग शामिल हुए।

# जलाशयों से जरूरत अनुसार भरे जाएंगे ग्रामीण तालाब

**धमतरी ,प्रतिदिन राजधानी**

गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में पानी की कमी वाले स्थानों पर पर्याप्त जल आपूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार पहले ही ऐसे स्थानों की पहचान कर वहां जल आपूर्ति के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। ग्रामीण इलाकों में गर्मी में सूख जाने वाले तालाबों में जलाशयों और बांधों से पानी भरकर इस समस्या से निपटने का प्रयास भी किया जाएगा। कलेक्टर मिश्रा ने आज जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अगले तीन दिनों में ऐसे तालाबों की पहचान करने को कहा, जो गर्मियों में सूख जाते हैं और उन गांवों में लोगों को निस्तारी के लिए असुविधा झेलनी पड़ती है। कलेक्टर ने ऐसे क्षेत्रों के तालाबों को बांधों और जलाशयों से पानी छोड़कर भरने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों से सम्पर्क कर इस काम के लिए जरूरी समन्वय करने को भी कहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि ऐसे तालाबों को भरने के लिए बांधों से पानी छोड़ने के पहले जरूरी पारा नाली, जल प्रवाह नाली आदि व्यवस्थित रूप से बनाई जाएं, ताकि पानी का कम से कम नुकसान हो। उन्होंने पानी छोड़ने से पहले वितरक नहरों और नालियों की भी अच्छे से सफाई करने के निर्देश दिए, ताकि बांधों से छोड़ा गया पानी आसानी से तालाबों तक पहुंच सके। कलेक्टर ने पानी छोड़ने के लिए जरूरी सभी प्रक्रियाएं और स्वीकृति आदेश आदि लेने के लिए अभी से पत्राचार करने के निर्देश भी दिए।

गंगरेल में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने पर भी हुई चर्चा

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने धमतरी के मुख्य पर्यटन केन्द्र गंगरेल बांध में सुविधाएं बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने गंगरेल के कैचमेंट एरिया के छोटे टापू-आईलैंड पर भी पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करने पर विचार किया। श्री मिश्रा ने फैमिली आईलैंड पर पर्यटकों के रूकने, खाने-पीने और मनोरंजन के लिए साधन विकसित करने योजना बनाने को कहा। उन्होंने गंगरेल में मोबाईल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जरूरी स्वीकृतियां भी नियमानुसार टेलीकॉम कंपनियों को देने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने गंगरेल के आसपास मोबाईल टावर स्थापित करने के लिए जमीन एलॉटमेंट के प्रकरणां को भी शीघ्र निराकृत करने को कहा।

# कलेक्टर- एसपी ने मनोविकास केंद्र का लिया जायजा

**बलौदाबाजार,प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने गुरुवार को नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर मे संचालित मनोविकास केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न मानसिक विकारों से पीड़ित बच्चों को दी जा रही ईलाज की सुविधाएं की जानकारी ली एवं बच्चों के माता -पिता की प्रतिक्रियायें से अवगत हुए। अभिभावकों ने बताया कि मनोविकास केंद्र मे ईलाज से बच्चों मे सुधार आ रहा है। कलेक्टर एवं एसएसपी ने केंद्र के एडमिन कक्ष, चिल्ड्रन हॉल,फिजियोथेरेपी रूम, ऑडियोमेट्री रूम सहित बैठक हाल का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों की जरुरत के अनुसार आवशयक ईलाज, अभ्यास, थिरेपी आदि नियमित रूप से कराने के निर्देश दिये। बताया गया कि वर्तमान में 40 विशेष देखभाल वाले बच्चे मनोविकास केंद्र में भर्ती है। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए 3 स्पेशल एजुकेटर हैं। फिजियो थिरेपिस्ट, ऑडियो मेट्रियोलॉजिस्ट और योगा प्रशिक्षक हैं। मनोविकास केंद्र केवल डे बोर्डिंग है। दिन मे ही बच्चों को रखा जाता है। बच्चों को घर से लाने एवं पहुंचाने के लिए बस की सुविधा है। उल्लेखनीय है कि डीएमएफ फण्ड से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से समाज कलयाण विभाग के माध्यम से संचलित होने वाले यह मनोविकास केंद्र अपने तरह का प्रदेश का पहला केंद्र है।इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जिले के 43 पंचायतों में सहकारिता का परिचय एवं समिति पंजीयन की जानकारी कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**जशपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के लिए जारी कैलेंडर अनुसार जिले के 43 ग्राम पंचायत मुख्यालयों में सहकारिता का परिचय एवं समिति पंजीयन की जानकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत जिले के प्रत्येक विकासखंड के 5-5 अलग-अलग पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों को सहकारिता से परिचय कराया गया साथ ही केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय और राज्य सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में किये जा रहे अथक प्रयासो की सफलता के बारे में जानकारी दिया गया। इसके अलावा उपस्थित किसानों को नवीन सहकारी समिति के पंजीयन की प्रक्रिया का विस्तार से जानकारी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले के सभी समितियों के प्रबंधक व कर्मचारी तथा सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक के अधिकारी व कर्मचारी तथा पंचायत के सरपंच एवं पंच गण उपस्थित रहे।

# जलसंरक्षण गतिविधियों में जागरूकता बढ़ाने एवं जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने चलाया जा रहा है वाटरशेड यात्रा

**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी**

समुदाय संचालित दृष्टिकोण अंतर्गत परिकल्पित डब्ल्यूडीसी -पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत जलसंरक्षण गतिविधियों में जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 2025 को एक राष्ट्रव्यापी जन संपर्क अभियान वाटरशेड यात्रा की शुरूआत की गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ जशपुर जिले में 26 मार्च को किया गया।

उप संचालक कृषि, सह परियोजना प्रबंधक डब्ल्यूसीडीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में बगीचा विकासखण्ड के सन्ना क्षेत्र में संचालित जलग्रहण परियोजना के अंतर्गत ग्राम बहोरा व सन्ना में 26 मार्च को वाटरशेड यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समुदाय, लाईन विभाग, परियोजना क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति, स्व-सहायता समूहों के




सदस्यों, उपयोगकर्ता दल, कृषक उत्पादक संगठन एवं गैर सरकारी संस्थान रिड्स जशपुर के सदस्य शामिल रहे।

वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में मजबूत सामुदायिक भागीदारी से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को किस तरह से सफल बनाया जा सकता है इसकी जानकारी दी गई। इसके साथ ही लोगों में जागरूकता पैदा करने एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिये जमीनी स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनभागीदारी से ग्राम बहोरा में तालाब का श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई किया गया। इसके उपरांत ग्राम पंचायत भवन बहोरा परिसर में पानी की पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लाईन विभाग, जनप्रतिनिधियों एवं गैर सरकारी संस्थान के सदस्यों द्वारा मिट्टी एवं जलसंरक्षण को बढ़ाने, भू-जल पूर्नभरण में सुधार एवं जलचक्र के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। पानी की पाठशाला में जलग्रहण में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सचिवों को जलग्रहण मार्गदर्शक का प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समूहों की दीदियों द्वारा लोक नृत्य का प्रदर्शन कर जलसंरक्षण के महत्व को बताया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रांगण में स्मृति स्वरूप पौद्यरोपण किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित स्टापडेम का भूमिपूजन तथा ग्राम सन्ना में निर्मित अमृत सरोवर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्र से आये वाटरशेड यात्रा वाहन के माध्यम से विभिन्न स्थलों पर ए-आर के माध्यम से जलग्रहण कार्यक्रमों के महत्व की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री गेंदविहारी सिंह, जनपद सदस्य श्री अनुपम तिर्की, नवनियुक्त सरपंच बहोरा, भादु एवं सन्ना ग्राम पंचायत, गैर सरकारी संस्थान रिड्स के सदस्य एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# संत कबीर कृषि महाविद्यालय में अरहर दिवस का आयोजन, किसानों को मिला उपयोगी प्रशिक्षण



**कवर्धा,प्रतिदिन राजधानी**

संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कवर्धा में आज अखिल भारतीय समन्वित अरहर परियोजना एवं इक्रीसेट के तहत एक दिवसीय अरहर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को अरहर की खेती, उन्नत किस्मों, बीमारियों तथा कीट प्रबंधन पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अरहर अनुसंधान परियोजना की प्रमुख डॉ. मयूरी साहू ने किसानों को अरहर की रबी एवं खरीफ फसल की बुवाई, उन्नत किस्मों और उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी। कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में दलहन फसलों की खेती और उनसे जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉ. श्याम सिंह ने अरहर फसल में लगने वाली बीमारियों तथा डॉ. निवेदिता ने कीट नियंत्रण पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री रविशंकर नाग ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. रवि लांझियाना ने किया। इस प्रशिक्षण से किसानों को अरहर उत्पादन की नवीनतम तकनीकों और प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त हुई, जिससे उनकी उपज बढ़ाने में मदद मिल रही है।

# ट्रंप के आगे नरम पड़े ईरान के तेवर; खामेनेई के सहयोगी बोले- बातचीत से निकले समाधान

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान की दुश्मनी जगजाहिर है। कुछ सालों पहले ईरान के सबसे ताकतवर सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी के अमेरिकी हवाई हमले में मौत हो गई थी। इस घटना के बाद दोनों देशों के बीच दुश्मनी अपने चरम पर पहुंच गई थी। ट्रंप के पहले शासन में कहा था कि ईरान से व्यापार जो करेगा वो अमेरिका से कारोबारी संबंध नहीं रख पाएगा। वहीं, ईरान ने भी अमेरिका की खुलकर खिलाफत की है।



### अमेरिका से बातचीत के सारे दरवाजे बंद नहीं हुए: ईरान

व ईरान, अमेरिका के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश में जुटा है। दरअसल, ईरान के सर्वोच्च नेता के सलाहकार कमाल खर्राजी ने गुरुवार को कहा कि ईरान, अमेरिका के साथ अपने विवादों को सुलझाने के लिए सभी दरवाजे बंद नहीं किए हैं। वह अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है।

### ट्रंप ने दी थी ईरान को धमकी

हाल ही में ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि "अगर उसने हूतियों को बड़ी मात्रा में सप्लाई भेजना नहीं रोका, तो अंजाम बुरा होगा।" ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, "ईरान ने हूतियों को मिलिट्री सपोर्ट कुछ कम किया है, लेकिन अभी भी भारी मात्रा में सप्लाई भेज रहा है। इसे तुरंत बंद करना होगा। हूतियों को खुद लड़ने दो। वैसे भी वे हारेंगे, लेकिन इस तरह जल्दी हारेंगे।"

ट्रंप की इस धमकी को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने ट्रंप की धमकियों को बेबुनियाद बताया है। विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने कहा कि जब तक अमेरिका हम पर दबाव बनाता रहेगा, तब तक बातचीत असंभव है।

### ईरान ने दुनिया को दिखाया 'मिसाइल सिटी'

वहीं, ईरान ने अपने तीसरे भूमिगत मिसाइल ठिकाने को उजागर कर दिया है। ईरान ने इस नई सैन्य सुविधा को 'मिसाइल सिटी' करार दिया है। इस मिसाइल सिटी में अत्याधुनिक हथियारों से लैस भूमिगत सुरंगें हैं। बताते चलें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने के लिए 2 महीने की समय सीमा निर्धारित की है।

# किम जोंग का नया कारनामा AI से बनाया खतरनाक हथियार

## बौखलाया अमेरिका

**रायटर।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से लैस आत्मघाती ड्रोन के परीक्षण की निगरानी की और कहा कि आधुनिक हथियारों के विकास में मानव रहित नियंत्रण और एआई क्षमता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने नए उन्नत टोही ड्रोन का भी निरीक्षण किया, जो जमीन और समुद्र में विभिन्न सामरिक लक्ष्यों और दुश्मन की गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम हैं।



किम ने कहा कि मानव रहित उपकरण और एआई के क्षेत्र को सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उत्तर कोरिया ने पहली बार आधिकारिक तौर पर एक पूर्व चेतावनी बिमान का भी अनावरण किया। यह ऐसी क्षमता है जो इसकी पुरानी वायु रक्षा प्रणालियों में सुधार कर सकती है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी की गई तस्वीरों में किम को एक बड़े टोही ड्रोन को देखते हुए दिखाया गया है।

यह बोइंग के ई-7 वेजटेल एयरबोर्न वार्निंग और कंट्रोल एयरक्राफ्ट जैसा दिख रहा था। अन्य तस्वीरों में लक्ष्य के रूप में इस्तेमाल सैन्य वाहनों में विस्फोट करने वाले ड्रोन को हमला करते दिखाया गया है।

# 'दस लाख से भी ज्यादा लोग मारे जाएंगे', इस संस्थान के CEO ने दी चेतावनी; कहा- बड़ी गलती कर रहे ट्रंप

- जिनेवा में है गावी का मुख्यालय
- बजट का एक चौथाई यूएस से आता है
- पब्लिक-प्राइवेट भागीदारी वाला संस्थान है

**वाशिंगटन।** दुनिया के सबसे गरीब देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराने वाली संस्था गावी ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका द्वारा दी जाने वाली फंडिंग में कटौती की गई तो दस लाख से अधिक लोगों की मौत हो सकती है।

बता दें कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक खबर प्रकाशित की थी, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका गावी को मिलने वाली फंडिंग को समाप्त करने की योजना बना रहा है। यह निर्णय 281 पन्नों की स्प्रेडशीट में शामिल था, जिसे सोमवार रात को यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने कांग्रेस को भेजा था।

### ट्रंप ने की है बड़ी कटौतियां

हालांकि गावी की सीईओ सानिया निश्तर अमेरिकी सरकार की तरफ से किसी भी टर्मिनेशन का नोटिस नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से गावी की फंडिंग में कटौती से वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा और और खतरनाक बीमारियों के प्रकोप से हर जगह जीवन खतरे में पड़ जाएगा।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों और संगठनों ने भी चेतावनी दी है कि गावी की फंडिंग में कटौती से अंततः दुनिया को अधिक धन की हानि होगी और कई घातक बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में एक चौथाई सदी की प्रगति पीछे छूट जाएगी। बता दें कि ट्रंप ने अमेरिका द्वारा दुनिया में दी जा रही फंडिंग पर लगातार रोक लगाई जा रही है।

### अमेरिका देता है एक चौथाई फंड

गावी पब्लिक-प्राइवेट भागीदारी वाला संस्थान है। इसका मुख्यालय जिनेवा में है। यह दुनिया के आधे से ज्यादा बच्चों को कोविड-19, इबोला, मलेरिया, रेबीज, पोलियो, हैजा, टीबी, टाइफाइड और पीले बुखार जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाने में मदद करता है। अमेरिका इस संस्थान के बजट का करीब एक चौथाई हिस्सा फंड करता है। ऑक्सफोर्ड वैक्सीन ग्रुप के प्रमुख एंड्रयू पोलार्ड ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन की व्यापक सहायता कटौती के सामने, संस्थाएँ बोलने से हिचक रही हैं, क्योंकि उन्हें निशाना बनाया जा सकता है।

### ब्रॉडकास्टर का फंड रोकने को कहा

डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी मीडिया का रिश्ता कुछ बेहतर नहीं रहा है। दोनों एक-दूसरे पर हमले करते ही रहते हैं। अब ट्रंप ने अमेरिकी संसद से दो पब्लिक ब्रॉडकास्टर का फंड तुरंत रोकने का अह्वान किया है। ट्रम्प ने रेडियो नेटवर्क एनपीआर और ब्रॉडरास्ट चैनल पीबीएस को डेमोक्रेट पार्टी के हथियार कहा है।

ट्रम्प ने गुरुवार को अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'एनपीआर और पीबीएस, दो भयानक और पूरी तरह से पक्षपाती प्लेटफॉर्म की फंडिंग कांग्रेस द्वारा तुरंत रोकी जानी चाहिए।'

# डाक्टरों का कमाल, पहली बार सुअर के लीवर को इंसान के शरीर में किया गया ट्रांसप्लांट

**बीजिंग।** दुनिया में पहली बार चीन के डॉक्टरों ने आनुवंशिक रूप से सुअर के लीवर को एक ब्रेन डेड इंसान में ट्रांसप्लांट किया है। डाक्टरों द्वारा की गई इस पहल को लेकर दुनिया हैरान है कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है।



डाक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक सुअर एक ऐसा जानवर है, जिसके अंग इंसान में भी फिट हो सकते हैं। जैसे पिछले कुछ सालों में संयुक्त राज्य अमेरिका में कई इंसानों को किडनी और हार्ट लगाया गया है, जो अभी ठीक से अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। इसके पहले लीवर को लेकर कई प्रयास हुए लेकिन सफल नहीं हुए। अब चीन के डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि हमने सुअर के लीवर को इंसान में ट्रांसप्लांट किए हैं।

चीन के शीआन में फोर्थ मिलिट्री मेडिकल यूनिवर्सिटी के शिजिंग अस्पताल के डॉ. लिन वांग ने इस मामले को इस सप्ताह एक ब्रीफिंग में बताया। इसके साथ ही डॉक्टरों ने नेचर पत्रिका के एक रिसर्च में इस सफलता की बात भी की है।

इस प्रत्यारोपण के बाद शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि जीन संशोधित सुअर गंभीर रूप से बीमार रोगियों को कम से कम अस्थायी राहत दे सकते हैं। जबकि दुनिया में लीवर की मांग बढ़ती जा रही है। जर्नल नेचर में बताया कि ब्रेन-डेड व्यक्ति में प्रत्यारोपित सुअर का लीवर 10 दिनों तक जीवित रहा, जिसमें कोई शुरुआती परेशानी के लक्षण नहीं थे।

उन्होंने कहा कि सुअर के लीवर ने पित्त और एल्बुमिन का उत्पादन किया जो बुनियादी अंग कार्य के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि उतना नहीं जितना कि मानव लीवर करता है। लीवर इंसान को जिंदा रखने में कई सारी भमिका निभाता है जिसमें अपशिष्ट को निकालना, पोषक तत्वों और दवाओं को तोडना, संक्रमण से लडना, लोहे को संग्रहीत करना और रक्त के थक्के को नियंत्रित करना शामिल है।

# आतंकी हमले में 20 सैनिकों की मौत



- 10 हुए घायल, कैमरून की डिफेंस मिनिस्ट्री ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** अफ्रीका में आतंकवाद की गंभीर समस्या ने कई देशों को अपनी चपेट में ले लिया है, और कैमरून इस संदर्भ में कोई अपवाद नहीं है। बोको हराम, जो अफ्रीका के विभिन्न देशों में आतंक फैलाने में सक्रिय है, ने एक और भीषण हमले को अंजाम दिया। इस बार बोको हराम के आतंकियों ने कैमरून-नाइजीरिया सीमा के पास स्थित मल्टीनेशनल जॉइंट टास्क फोर्स की छावनी पर हमला किया। सोमवार रात से मंगलवार तक जारी इस हमले में कम से कम 20 सैनिकों की मौत हो गई, और कई अन्य घायल हो गए।

### बोको हराम का भीषण हमला

कैमरून की डिफेंस मिनिस्ट्री ने जानकारी दी कि यह हमला बोको हराम के आतंकियों ने एडवांस्ड हथियारों और सवार वाहनों का इस्तेमाल करके किया। आतंकवादी पूरी तरह से अप्रत्याशित रूप से हमला करने में सफल रहे, और सैनिकों को संभलने का मौका नहीं मिला। इस हमले में करीब 10 सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज चाड की राजधानी एन'जामेना में चल रहा है।

### आतंकियों का फरार होना

हमला करने के बाद बोको हराम के आतंकवादी मौके से भागने में सफल रहे, और इस तरह के हमले से साफ है कि आतंकवादियों ने अपनी रणनीतियों को अधिक सशक्त और खतरनाक बना लिया है।

इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बोको हराम का आतंक अफ्रीका के देशों में कितना गहरा और भयावह होता जा रहा है। यह हमला एक बार फिर उन देशों के लिए चुनौती पेश करता है जो आतंकवाद से जूझ रहे हैं, और यह घटना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ मिलकर संघर्ष करने की जरूरत की याद दिलाती है।

# 'अब हमारी बारी'

## यूक्रेन से जंग के बीच भारत आएंगे पुतिन

- पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी ने किया था रूस का दौरा
- 9 मई को रूस का दौरा करने वाले हैं पीएम मोदी
- दोनों नेताओं के बीच युद्धविराम को लेकर बातचीत की उम्मीद

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन (President Putin India Visit) जल्द ही भारत की यात्रा करेंगे। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को पुष्टि की कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। हालांकि, उन्होंने निश्चित तारीख नहीं बताई है। लावरोव ने कहा कि भारत वर्तमान में रूसी राष्ट्रपति की यात्रा की व्यवस्था कर रहा है। सम्मेलन का आयोजन रूस में भारतीय दूतावास और रूसी अंतर्राष्ट्रीय मामलों की परिषद (RIAC) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत का दौरा करेंगे। लावरोव ने कहा, 'रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख से मिलने

### दोस्त मोदी का न्योता किया स्वीकार

का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी राष्ट्राध्यक्ष की भारत गणराज्य की यात्रा की वर्तमान में तैयारी की जा रही है।'

### राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद पहली बार भारत आ रहे पुतिन

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख की यात्रा का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी समाचार एजेंसी TASS के हवाले से कहा, 'रूसी राष्ट्राध्यक्ष की भारत गणराज्य की यात्रा की वर्तमान में तैयारी की जा रही है।' लावरोव ने कहा कि पिछले साल फिर से चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की पहली विदेश यात्रा रूस की थी। उन्होंने कहा, 'अब हमारी बारी है।'

हालांकि, यात्रा की तारीखों का अभी खुलासा नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी जुलाई 2024 में रूस का दौरा करेंगे, जो लगभग पांच वर्षों में देश की उनकी पहली यात्रा है। इससे पहले, उन्होंने 2019 में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक का दौरा किया था।



### 9 मई को रूस जाएंगे पीएम मोदी

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 मई को मॉस्को के रेड स्क्वायर पर ग्रेट पैट्रियॉटिक वॉर में विजय की 80वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित परेड के लिए रूस का दौरा कर सकते हैं। एजेंसी के सूत्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 मई को मॉस्को में होने वाली परेड में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। इसकी पूरी संभावना है कि ऐसा होगा।

TASS ने सैन्य सूत्र के हवाले से बताया कि, 'रेड स्क्वायर पर होने वाली परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक औपचारिक इकाई की भागीदारी के मुद्दे पर भी काम किया जा रहा है, जिसे रिहर्सल के लिए परेड से कम से कम एक महीने रूस पहुंच सकती है।'

### पिछले साल पीएम मोदी ने की थी रूस की यात्रा

पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर रूस का दौरा किया था।

# हर 5 अमीर भारतीयों में से 1 चाहता है विदेश में बसना, रिपोर्ट में हुआ खुलासा



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे अमीर लोग अब विदेश में बसने की योजना बना रहे हैं, लेकिन वे अपनी भारतीय नागरिकता बनाए रखना चाहते हैं। यह ट्रेंड दिन-ब-दिन बढ़ रहा है, खासकर उन लोगों में जो बेहतर जीवन, शिक्षा, और बिजनेस के मौके तलाशने के लिए विदेश जा रहे हैं। हालांकि, वे भारत से पूरी तरह से अलग नहीं होना चाहते। आने वाले समय में यह ट्रेंड और भी बढ़ने की संभावना है, क्योंकि भारत में अल्ट्रा रिच (बहुत अमीर) लोगों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है।

### सर्वे के आंकड़े

कोटक प्राइवेट बैंकिंग और ईवाई द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार, 150 अमीर भारतीयों ने खुलासा किया कि वे अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और UAE जैसे देशों में बसने का विचार कर रहे हैं। सर्वे में शामिल 22% अमीर भारतीय यह कहते हैं कि वे या तो विदेश जाने की प्रक्रिया में हैं या फिर विदेश में बसने की योजना बना रहे हैं।

### अल्ट्रा रिच इंडिविजुअल्स का विदेश जाने का कारण

भारत में हर पांच में से एक अल्ट्रा हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (Ultra HNI) विदेश जाने का सोच रहे हैं।

इन लोगों में 36 से 40 साल और 61 साल से अधिक उम्र के अमीरों की संख्या अधिक है। इसके अलावा, प्रोफेशनल कैटेगरी के लोग, बिजनेसमैन और जो लोग पैतृक संपत्ति से जुड़े हैं, वे विदेश बसने के इच्छुक हैं।

### UAE का गोल्डन वीजा प्रोग्राम

UAE का गोल्डन वीजा प्रोग्राम अमीर भारतीयों को आकर्षित कर रहा है, क्योंकि यह उन्हें लंबी अवधि के लिए देश में रहने की अनुमति देता है। इसके चलते, UAE में बसे भारतीयों की संख्या बढ़ सकती है।

### क्यों जा रहे हैं अमीर भारतीय विदेश?

**अमीर भारतीय विदेश जाने के लिए कई कारणों से प्रेरित हैं, जिनमें प्रमुख हैं:-**

- बेहतर जीवन स्तर: विदेश में बेहतर जीवन शैली और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।
- स्वास्थ्य सेवाएं: उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं।
- शिक्षा: विश्वस्तरीय शिक्षा और संस्थान।
- टैक्स नीति: अनुकूल टैक्स नीति और व्यवसाय के लिए बेहतर माहौल।
- व्यवसाय विस्तार और निवेश: व्यापार के अवसर और आसान निवेश विकल्प।

# बलूचिस्तान में फिर शुरू हुआ खूनी खेल, विद्रोहियों ने बस पर किया हमला; 6 लोगों की मौत

- बस से उतारकर पंजाबियों को बनाया निशाना।
- हमला प्रांत के ग्वादर जिले में हुआ।

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने एक यात्री बस से पंजाब के पांच लोगों को उतारकर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। हमले में घायल हुए एक अन्य यात्री ने बाद में दम तोड़ दिया।

ग्वादर के डिप्टी कमिश्नर हमूदुर रहमान के हवाले से जियो न्यूज ने बताया कि यह हमला प्रांत के ग्वादर जिले में हुआ, जब हथियारबंद लोगों ने कलमत इलाके में रात को कराची जाने वाली बस के पांच यात्रियों की हत्या कर दी।

### 6 लोगों की मौत

बाद में एक घायल यात्री की मौत के साथ ही मरने वालों की संख्या छह हो गई। डॉन अखबार ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने यात्रियों के पहचान पत्र जांचने के बाद उनकी हत्या कर दी और तीन अन्य को भी अपने साथ ले गए।

एक अधिकारी के हवाले से इसने कहा कि वे देश के पंजाब प्रांत के थे। किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन अतीत में जातीय बलूच आतंकवादी समूहों ने पंजाब के लोगों के खिलाफ इस तरह के लक्षित हमले किए हैं।

### शहबाज ने की हमले की निंदा

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की और संबंधित अधिकारियों को जांच करने और जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा, 'आतंकवादी देश के विकास और बलूचिस्तान की समृद्धि के दुश्मन हैं। वे बलूचिस्तान में प्रगति नहीं देख सकते।'



यह हमला प्रांत में तनावपूर्ण स्थिति के बीच हुआ है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकवादियों ने 440 यात्रियों को ले जा रही जाफर एक्सप्रेस का अपहरण कर लिया था।

### 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 26 बंधकों की मौत

अपहरण के परिणामस्वरूप 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 26 बंधकों की मौत हो गई थी। सेना ने अगले दिन सभी 33 आतंकवादियों को मार गिराया और 354 बंधकों को छुड़ाया। तब से, बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने दो अलग-अलग घटनाओं में चार पुलिसकर्मियों और चार मजदूरों की हत्या कर दी थी।

17 मार्च को प्रांत में एक स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) के आवास पर ग्रेनेड हमले में चार बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए थे। एक दिन पहले, नोशकी जिले में एक राजमार्ग पर संदिग्ध बलूच आतंकवादियों द्वारा अर्धसैनिक काफिले पर हमला किए जाने के बाद फ्रंटियर कोर (एफसी) के तीन कर्मियों सहित पांच लोग मारे गए और 30 घायल हो गए।

## नगर निगम की सामान्य सभा आज



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के सचिवालय द्वारा नगर निगम रायपुर की नवनिर्वाचित परिषद की सामान्य सम्मिलन ( बजट ) की बैठक आज 28 मार्च 2025 शुक्रवार को प्रातः 11 बजे नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर सामान्य सभा सभागार में आहुत की है. इसमें बैठक में एजेंडा अनुसार एक घण्टे की अवधि नियमानुसार प्रश्नकाल हेतु नियमानुसार निर्धारित है. निगम सामान्य सम्मिलन ( बजट) की बैठक में सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के सभापतित्व में निगम की एमआईसी की बैठक में लिए गए संकल्पों पर निर्धारित एजेण्डों पर नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत चर्चा और विचार – विमर्श किया जायेगा।

# रायपुर नगर निगम में जोनों का होगा पुनर्गठन, फिर से हो सकते हैं 7 जोन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर नगर निगम की 'मेयर इन काउंसिल' बैठक महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आयुक्त विश्वदीप और MIC के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान नगर निगम सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रस्तुत जोन पुनर्गठन प्रस्ताव पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित करते हुए इसे सामान्य सभा में चर्चा के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।




### जोन पुनर्गठन की आवश्यकता क्यों?

वर्तमान में रायपुर नगर निगम में 10 जोन कार्यालय और 70 वार्ड हैं। पहले, हर जोन में 7–7 वार्डों का विभाजन किया गया था, लेकिन 2024 के वार्ड परिसीमन के बाद जोन–09 और जोन–10 में 8–8 वार्ड हो गए हैं, जबकि जोन–03 में केवल 5 वार्ड हैं। इस असमानता के कारण प्रशासनिक संचालन में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। इसे सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नए जोन के गठन का प्रस्ताव रखा गया है।

### नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत पुनर्गठन प्रक्रिया

**धारा 48 के अनुसार:**

3 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगर निगमों में वार्ड समितियों का गठन किया जाएगा।

प्रत्येक वार्ड समिति का गठन अध्यक्ष के निर्वाचन की तारीख से तीन दिन के भीतर किया जाना आवश्यक है।

निगम की वार्ड समिति में सम्मिलित वार्डों की संख्या यथासंभव समान होगी।

वार्ड समितियों के गठन में निकटवर्ती वार्डों को एक साथ रखा जाएगा।

वार्ड समिति में संबंधित क्षेत्र के निर्वाचित पार्षद और महापौर द्वारा नामांकित दो व्यक्ति शामिल होंगे।

वार्ड समिति अपने निर्वाचित पार्षदों में से एक को अध्यक्ष के रूप में चुनेगी।

राज्य सरकार, वार्ड समितियों के अधिकार, शक्तियों और कार्य संचालन की प्रक्रिया को निर्धारित करेगी।

### आगे की प्रक्रिया

MIC की बैठक में जोन पुनर्गठन प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। अब इसे नगर निगम की सामान्य सभा में विस्तृत चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। यदि सामान्य सभा से स्वीकृति मिलती है, तो रायपुर नगर निगम में नए जोनों का गठन किया जाएगा, जिससे प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके।

# फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स ने 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2025' के बंपर ड्रॉ के विजेताओं को किया सम्मानित

## प्रत्येक राज्य से एक विजेता को मिला 50 ग्राम का गोल्ड कॉइन और दो विजेताओं को मिले 10 ग्राम के गोल्ड कॉइन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

देश के अग्रणी खाद्य तेल ब्रांड फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स ने छत्तीसगढ़ के लिए 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर' के बंपर ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इस योजना के तहत, एक भाग्यशाली विजेता को 50 ग्राम का गोल्ड कॉइन और दो विजेताओं को 10 ग्राम के गोल्ड कॉइन प्रदान किए गए हैं।



'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2024' को उत्सव के माहौल में उपभोक्ताओं से जुड़ने के उद्देश्य से पेश किया गया था। यह योजना कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में लागू की गई थी। इन राज्यों में 100 उपभोक्ताओं ने रोज़ाना 1 ग्राम सोना जीता और साथ ही बंपर ड्रॉ में भाग लेने का मौका भी मिला। इस ऑफर में भाग लेने के लिए ग्राहकों को फ्रीडम रिफाइंड सनफ्लावर ऑयल के दो 1–लीटर पाउच खरीदने थे।

इस योजना को उपभोक्ताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस योजना के तहत प्रत्येक राज्य से 1 भाग्यशाली विजेता को 50 ग्राम का गोल्ड कॉइन, जबकि प्रत्येक राज्य से 2 विजेताओं को 10 ग्राम के गोल्ड कॉइन दिए गए। इसके अलावा, कुल 5500 विजेताओं को 1

ग्राम सोने का सिक्का प्रदान किया गया। विजेताओं की सूची www.freedomconsumeroffer.com पर भी प्रकाशित की गई। इस योजना के लिए पाइन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड को टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में शामिल किया गया था।

जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) श्री पी. चंद्रशेखर रेड्डी ने कहा, फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स हमेशा से अपने उपभोक्ताओं को सिर्फ गुणवत्ता और सुरक्षित उत्पाद देने से आगे बढ़कर, अनूठी प्रचार

योजनाओं के माध्यम से भी उन्हें खुशियां देने के लिए प्रयासरत रहा है।

# रजिस्ट्री दफ्तर में सर्वर फेल, जमीन मालिकों को लग रहे अतिरिक्त चार्ज

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

मार्च एंडिंग के चलते रजिस्ट्री दफ्तर में जमीन खरीदी–बिक्री को लेकर भारी भीड़ देखी जा रही है. यही कारण है कि दफ्तर में सर्वर फेल की शिकायतें आम हो गई है. लेकिन इसका नुकसान आवेदकों को अतिरिक्त पैसे देकर चुकाना पड़ रहा है. अब सवाल ये है कि सर्वर फेल होने की वजह से जो रजिस्ट्री नहीं हो रही है उसका जिम्मेदार कौन है एक शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने 24 मार्च को अपनी जमीन की रजिस्ट्री के लिए शासकीय नियमों के मुताबिक अप्वाईंटमेंट लिया था. लेकिन सर्वर फेल होने के कारण उस दिन उनकी जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकी.



जमीन की रजिस्ट्री अगले दिन यानी 25 मार्च को हुई. लेकिन इस दिन कर्मा जयंती की शासकीय छुट्टी थी. यही कारण है कि रजिस्ट्री दफ्तर में अधिकारियों ने छुट्टी के दिन की रजिस्ट्री का अतिरिक्त चार्ज (शासकीय शुल्क) के नाम पर 1 हजार रुपए अतिरिक्त लिए.

अब सवाल ये है कि सर्वर फेल का जिम्मेदार कौन है ? वहीं रजिस्ट्री दफ्तर के जिम्मेदारों के मुताबिक सर्वर फेल होने की वजह से यदि रजिस्ट्री नहीं होती है तो वो रजिस्ट्री यदि छुट्टी के दिन होती है तो नियमों के मुताबिक उसका अतिरिक्त शुल्क लगेगा.

# हाउसिंग बोर्ड में लंबे समय से जमे अधिकारियों का हुआ तबादला




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल ने प्रशासनिक सुविधा के दृष्टिकोण से लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियों का तबादला किया है. बताया जा रहा है कि यह लंबे समय से प्रतिक्षित यह तबादला आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के आदेश पर जारी हुआ है।

ताजा आदेश में, तबादले की जद में आए अपर आयुक्त एचके जोशी को दुर्ग प्रक्षेत्र से हटाकर नवा रायपुर मुख्यालय के साथ नवा रायपुर प्रक्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसी तरह अपर आयुक्त अजीत सिंह पटेल को बिलासपुर प्रक्षेत्र, अपर आयुक्त एमडी पनारिया को दुर्ग प्रक्षेत्र, अपर आयुक्त एसके भगत को रायपुर प्रक्षेत्र और अपर आयुक्त एचके वर्मा का जगदलपुर प्रक्षेत्र में तबादला किया गया है।

# शोभायात्रा को संत युधिष्ठिर लाल– अमां मीरा– महापौर मीनल चौबे दिखाएंगी हरी झंडी

## शोभायात्रा का आतिशबाजी व प्रसादी से सैकड़ों जगह होगा भव्य स्वागत

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

सिंधी समाज अपने ईष्टदेव भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस अवसर पर मुख्य आयोजक चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति, सिंधी समाज रायपुर द्वारा लगातार 58वें वर्ष लाखेनगर फुटबाल मैदान पर मध्याह्न 12-3 बजे विशाल व आम भंडारा का आयोजन 15000 श्रद्धालुओं के लिए किया गया है।



समिति के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने शोभायात्रा के भव्य स्वरूप को आधार बनाकर बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लाखेनगर मैदान से समस्त रायपुर की झांकियां प्रातः 8बजे के पहले एकत्रित होकर टोकन सिस्टम से सीरियल पर खड़ी होंगी। फिर रायपुर की सभी पंचायतों की झांकियां एक साथ शोभायात्रा के साथ–साथ निकाली जाएंगी। मध्याह्न 12–3 बजे मैदान पर ही विशाल भंडारा 15000 श्रद्धालुओं की व्यवस्था के साथ शुरू होगा। शोभायात्रा को रवाना करने संत युधिष्ठिर लाल–अमां मीरा देवी–महापौर मीनल चौबे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रशासनिक अनुमति के अनुसार, संध्या 4बजे शोभायात्रा विगत वर्षों की तरह लाखेनगर फुटबाल ग्राऊंड से निकलकर पुरानी बस्ती, कंकालीपारा, तात्यापारा, बढ़ईपारा, रामसागर पारा,राठौर चौक, तेलघानी नाका, स्टेशन रोड, गुरुनानक चौक से रात्रि 9बजे एमजी रोड,जय स्तम्भ चौक होते हुए कोतवाली चौक पर आकर शोभायात्रा साउंड बंदकर बूढ़ातालाब,पुरानी बस्ती होकर लाखेनगर चौक पर आकर सम्पन्न हो जाएगी। इस बीच सैकड़ों संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा का सेसा–प्रसाद–चना–शरबत द्वारा स्वागत किया जाएगा। इस वर्ष प्रति पंचायत एक झांकी की व्यवस्था रखी गई है।

सिंधु संस्कृति को आधार बनाकर झांकियों का भव्य स्वरूप देखने मिलेगा। बुधवार रात हुई लाखेनगर धर्मशाला में यह तय हुआ,कि शोभायात्रा का नेतृत्व विगत 50वर्षों से चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति की दो महान विभूतियों: मुखी मनूमल जी,डा भीमनदास बजाज के साथ–साथ झामनदास अठवानी, लखमीचंद–लालचंद गुलवानी, दीपक कृपलानी, महेश पृथवानी, बलराम मंधानी, मनीष वाधवानी, गोलू केसवानी, दीपक डोडवानी, शंकर बजाज, राजकुमार तारवानी, मुखीः सतराम बजाज,प्रेम बिरनानी, मोटूमल अडवानी, बालचंद असरानी, प्रताप पिंजानी, अनिल केवलानी, आदर्श कलवानी, प्रशांत गावरी, अजय बजाज, मनीष पहलाजानी, संतोष–विकी बजाज एवं सभी 70पंचायतों के मुखीगण शामिल रहेंगे। सभी मुखीगण ने समाज से यह अनुरोध किया है,कि अपने–अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर शोभायात्रा का मान – सम्मान बड़ाएंगे।

# भोरमदेव महोत्सव में भीड़ का हंगामा हजारों कुर्सियां तोड़ डालीं

रायपुर / कवर्धा (प्रतिदिन राजधानी)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भोरमदेव महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के बीच दर्शकों की भीड़ ने जमकर उत्पात मचाया है। भजन गायक हंसराज रघुवंशी के गायन के दौरान भीड़ ने 2 हजार से अधिक कुर्सियां तोड़े। सामने आने के लिए बेकाबू भीड़ ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद कार्यक्रम को बंद कराने की नौबत आ गई।



### महोत्सव में भारी संख्या में पहुंचे थे दर्शक

दो दिवसीय महोत्सव का गुरुवार को समापन है। कार्यक्रम में दर्शक दीर्घा के लिए 8 हजार कुर्सियां लगाया गया था। वहीं हंगामे के बाद कलेक्टर मंच के कोने में मायूस बैठे दिखे। गायक हंसराज की प्रस्तुति के बाद कार्यक्रम को बंद करना पड़ा। वहीं भीड़ को संभालने में शासन प्रशासन के पसीने छूट गए।

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

## इनसाइड स्टोरी

# एनईपी में उलझे रिजल्ट

**आर. पी. दुबे**

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय और कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता जनसंचार विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के एक दर्जन से अधिक विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा को समाप्त हुए दो माह से अधिक का समय बीत गया है। लेकिन प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी नहीं हो सके हैं ऐसे में परीक्षार्थी परिणाम को लेकर चिंतित हैं और परेशान हैं । वहीं इन विश्वविद्यालय के कुलपति का कहना है कि जल्द ही रिजल्ट जारी हो जाएंगे जबकि प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन फार्म भी कॉलेज आ चुके हैं। फिलहाल परीक्षार्थियों की धड़कनें तेज है और द्वितीय सेमेस्टर की पढ़ाई में उपस्थिति कम दिखाई पड़ रही है।



बता दे कि छत्तीसगढ़ में नई शिक्षा नीति के लागू होने के बाद पहली बार सभी विश्वविद्यालयों ने प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की गई। जनवरी माह में यह परीक्षा आयोजित हुई जिसमें पंडित रवि शंकर शुक्ला विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर की परीक्षाओं में तकरीबन 50000 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया है। इन सभी के परिणाम रुके हुए हैं। प्रथम सेमेस्टर के परिणाम के आधार पर द्वितीय सेमेस्टर में परीक्षार्थी तैयारी करते हैं लेकिन यहां पर विश्वविद्यालय के कुलपति का कहना है कि प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन सभी विद्यार्थियों को द्वितीय सेमेस्टर की पढ़ाई आरंभ कर दी गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि सेकंड सेमेस्टर को प्रथम वर्ष का अंतिम सेमेस्टर माना जाता है। इस रिजल्ट पर विद्यार्थी के आगे का भविष्य तय होता है जिसमें पूरक या अन्य बातें सामने आती है।

फिलहाल परीक्षार्थियों को टेंशन लेने की आवश्यकता नहीं है। वह द्वितीय सेमेस्टर की पढ़ाई करें और अपने रिजल्ट को बेहतर बनाने के लिए निरंतर मेहनत करते रहे । इधर माता–पिता भी बच्चों की चिंता से चिंतित है क्योंकि प्रथम सेमेस्टर के रिजल्ट के आधार पर ही बच्चों को तैयारी का अवसर मिलता है फिलहाल ब्रेक लगा हुआ है । उक्त विषय में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति **डॉक्टर सच्चिदानंद शुक्ला** से चर्चा में बताया कि प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थी द्वितीय सेमेस्टर में पढ़ाई कर सकते हैं।



इसलिए चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम मुख्य होते हैं उसमें परीक्षार्थियों को अपने आप को बेहतर साबित करने के लिए निरंतर बनाए रखना होगा। परीक्षार्थियों की माने तो वह तैयार नहीं है उनका कहना है कि पहले सेमेस्टर की परफॉर्मेंस के आधार पर ही सेकंड सेमेस्टर की तैयारी तय की जा सकती है। हालांकि नई शिक्षा नीति में परीक्षार्थियों के मूल्यांकन का इतना सरल तरीका बनाया गया है कि किसी भी परीक्षार्थी को रिजल्ट बिगड़ने का खतरा कम है , फिर भी रिजल्ट ब्रेक से परीक्षार्थी चिंतित है।

वहीं कुशा भाऊ ठाकरे पत्रकारिता जनसंचार विश्वविद्यालय में उपकुल सचिव **सौरभ शर्मा** का कहना है कि आने वाले सप्ताह के अंदर परिणाम घोषित हो जाएंगे लेकिन सूत्रधार की माने तो विश्वविद्यालय में सॉफ्टवेयर बना नहीं पाया है, इसलिए प्रथम सेमेस्टर के परिणाम में और भी विलंब हो सकता है। पहले से सवालों में घिरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय प्रथम सेमेस्टर के रिजल्ट ब्रेक से विश्वविद्यालय की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। फिलहाल परीक्षार्थी उधेड़बुन की स्थिति में रहते हुए द्वितीय सेमेस्टर की पढ़ाई अधूरे मन से कर रहे हैं क्योंकि कक्षाओं में उपस्थित से अनुमान लगाया जा सकता है कि परीक्षार्थी किस प्रकार से परिणाम को लेकर चिंतित है।

दैनिक प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार
आम ईश्तहार, शपथ पत्र, खरीदी-बिक्री, नाम परिवर्तन, कोर्ट नोटिस प्रकाशन हेतु
संपर्क करे :-
9806044444
pratidincg@gmail.com
शारदा चौक, जी.ई. रोड, रायपुर
https://epaper.pratidinrajdhani.in

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444